सुविचार

तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे

" अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड "

दैनिक

# रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 3 ■ अंक 66 ■ जबलपुर, रविवार 01 मार्च 2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965








# अमेरिका-इजराइल का ईरान के कई शहरों पर हमला

## ईरान ने इजराइल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-बहरीन और UAE में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल ने शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। ईरान ने वअए के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

**अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन:** इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

## खत्म अल तूफान! ईरान का ऐलान, तबाही देखेंगे वर-इजरायल

ईरान से तेहरान से यानी कि जहां पे लगातार अमेरिका और इसराइल की तरफ से बॉम्बिंग जारी है। चाहे वो टॉम हॉक मिसाइलें हो या फिर इसके अलावा इजराइल के फाइटर जेट हो या मिसाइलें वो लगातार कहीं ना कहीं तैरान के अलग-अलग शहरों में गिर रही है। लेकिन इस बीच एक बड़ी खबर आई है। ईरान ने बदला लेने की तैयारी पूरी कर ली है। उसके एयर डिफेंस सिस्टम से लेकर फाइटर जेट तक तैनात कर दिए गए हैं। ईरान ने खत्म अल तूफान ईरान की तरफ से जो रिस्पांस ऑपरेशन का नाम है उसका नाम है खत्म अल तूफान है। ईरान ने अपने ऑपरेशन का नाम भी रख लिया है और साफ तौर पर जो अब उसकी मिसाइलें हैं वो तैनात कर दी गई है। अरब के जो देश हैं खाड़ी के जो मुल्क हैं वो भी अब अपने आप को सुरक्षित करने की जद्दोजहद कर रहे हैं। खबर यह है कि कतर किसी तरीके से अपने बेस को सुरक्षित करना चाहता है। जो अमेरिका का बेस है उसको सुरक्षित करना चाहता है। लेकिन कहा यह जा रहा है कि ईरान इस वक्त बदला लेने की तैयारी में है। उसके यह डिफेंस सिस्टम एक्टिव है। उसकी तरफ से अब मिसाइलें जो है वो छोड़ी जाएंगी।

## ईरान-इजराइल जंग के चलते एअर इंडिया की फ्लाइट मुंबई लौटी

नई दिल्ली/मुंबई। ईरान पर ईजराइन और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच इजराइल एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। इस वजह से एअर इंडिया ने शनिवार को अपनी दिल्ली-तेल अवीव फ्लाइट मुंबई डायवर्ट कर दी। एयरलाइन ने कहा 28 फरवरी को दिल्ली से तेल अवीव के लिए ऑपरेट करने वाली अका39, इजराइल में एयरस्पेस बंद होने और यात्रियों और क्रू की सुरक्षा के हित में भारत लौट रही है। फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया है। साथ ही एअर इंडिया और इंडिगो ने हमले के बाद मिडल ईस्ट अपने फ्लाइट ऑपरेशंस को रोक दिया है। इसी के साथ एअर इंडिया ने इससे जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए +91 1169329333, +91 1169329999 नंबर भी डारि किए हैं। दरअसल, इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया है। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं। ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागी हैं।

## हमले के बाद पहले वीडियो में बोले नेतन्याहू, ईरान को अपनी सरकार बदलनी होगी

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार सुबह तेहरान पर हुए अमरीका-इजराइल हमलों के बारे में अपने पहले वीडियो बयान में कहा कि ईरान को अपना शासन बदलने के साथ-साथ परमाणु कार्यक्रम को भी खत्म करना होगा। नेतन्याहू ने ईरानी लोगों के सभी हिस्सों से जुल्म का बोझ उतार फेंकने और एक आजाद और शांतिपूर्ण ईरान बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, हमारी मिलकर की गयी कार्रवाई बहादुर ईरानी लोगों के लिये अपनी किस्मत अपने हाथों में लेने के हालात बनाएगी। नेतन्याहू ने जून में ईरान के साथ 12 दिन की लड़ाई के दौरान ईरानी लोगों से सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की भी अपील की थी। नेतन्याहू ने अपने वीडियो बयान की शुरूआत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके ऐतिहासिक नेतृत्व के लिए धन्यवाद देकर की। नेतन्याहू ने कहा, इस खूनी आतंकवादी सरकार को परमाणु हथियार हासिल करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए जिससे वह पूरी इंसानियत को खतरे में डाल सके।

## आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में धमाका:18 लोगों की मौत

### फैक्ट्री में 20 लोग मौजूद



अमरावती। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। धमाके के समय यूनिट में करीब 20 कर्मचारी काम कर रहे थे। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है।

# पीएम बोले- कांग्रेस के कुकर्मों को देश माफ नहीं करेगा

## ये अब INC नहीं, MMC है यानि मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरूआत की। जनसभा में मोदी ने कहा- कांग्रेस को कुकर्मों के लिए देश कभी माफ नहीं करेगा। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। कभी कांग्रेस क्ळउ यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। अब INC नहीं बची है। आज वो MMC बन गई है। टटउ यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस। शनिवार को पीएम मोदी अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अभियान की शुरूआत में मनीषा रावत, भूमिका, पूर्वी अग्रवाल, चंचल, चिड़िया मेघवंशी को वैक्सीनेशन लगाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लड़कियों से वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि टीका क्यों लगाया जाता है? प्रधानमंत्री ने छात्राओं से एग्जाम के बारे में बात की। पूर्वी अग्रवाल और चंचल ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री से बात करके बहुत अच्छा लगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर भी दिए।

दुनिया के सामने कांग्रेस ने देश को बेइज्जत किया : हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। इसमें कई देशों के



पीएम-राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री आए। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्?ठे हुए। भारत की खुले मन से प्रशंसा की। हताशा, निराशा में डूबी कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत किया।

**किसानों को साधने की कोशिश** : पीएम मोदी ने कहा- नदियों को जोड़ने का अभियान शुरू किया है। इसका अधिक फायदा राजस्थान को मिलना तय है। संशोधित पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना हो, यमुना राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट हो, डबल इंजन सरकार ऐसी अनेक सिंचाई परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज भी झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी के लिए पानी की अनेक परियोजनाओं के लिए काम शुरू हुआ है। हमारा प्रयास है राजस्थान में भूजल का स्तर में सुधार हो।

### मुस्लिम लीग की राह पर कांग्रेस

: इतिहास गवाह है, मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी। इसीलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया। आज कांग्रेस भी वही कर रही है। माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमले करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है।

## पीएम ने साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया

साणंद (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि 10-11 साल पहले तक भारत में डेटा और चिप की चर्चा कम होती थी। आज सॉफ्टवेयर के लिए जाने जाना वाला भारत हार्डवेयर के लिए जाना जाने लगा है। इस प्लांट में पहली बार मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का कमर्शियल प्रोडक्शन और शिपमेंट शुरू होगा। यह केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का पहला प्रोजेक्ट है। यह प्लांट 22,516 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री यहां मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे।

## राहुल गांधी का केंद्र पर बड़ा हमला, अमरीका-भारत डील को बताया किसानों का डेथ वारंट

**बरनाला।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता से देश के कृषि क्षेत्र को बड़ा खतरा पैदा हो गया है। राहुल गांधी ने किसान-मजदूर महारैली में अपने भाषण की शुरूआत पंजाब के किसानों और मजदूरों की सराहना से की। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की खाद्य सुरक्षा और हरित क्रांति पंजाब के पसीने की देन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान और मजदूर के बिना देश मजबूत नहीं हो सकता। राहुल गांधी ने अमरीका के सामने झुकने का पीएम मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि हालिया अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के जरिए प्रधानमंत्री ने भारतीय कृषि क्षेत्र का दरवाजा अमेरिकी कंपनियों के लिए खोल दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के बड़े-बड़े कृषि फार्म के उत्पाद (सोयाबीन, दाल, कपास, बादाम) भारतीय बाजारों में डंप किया जाएगा, जिससे पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश के छोटे किसान बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी पूंजी डाटा को मोदी सरकार ने अमेरिकी कंपनियों के हवाले कर दिया है।

## काशी में जलती चिताओं की भस्म से होली

### नरमुंड-चश्मा लगाकर आए संन्यासी, डमरू की थाप पर नाचे; 3 लाख टूरिस्ट पहुंचे



वाराणसी। जलती चिताएं, रोते-बिलखते लोग और चिता की राख से होली खेलते नागा साधु-संन्यासी। यह नजारा इस समय काशी के मणिकर्णिका घाट पर देखने को मिला। यहां शनिवार को मसाने की होली खेली गई। कोई गले में नरमुंडों की माला डाले था, तो कोई डमरू की थाप पर नाचता दिखाई दिया। घाट पर जश्न के बीच से शवयात्राएं भी गुजरती रहीं। रंग और चिता की राख में सराबोर होकर विदेशी पर्यटक भी झूमते नजर आए। शनिवार को मसाने की होली का रंगोत्सव डमरू वादन से शुरू हुआ। डमरू की गूंज के बीच साधु-संन्यासी मणिकर्णिका घाट पहुंचे और पूजन किया। भस्म, रंग, गुलाल और अबीर बाबा मसान नाथ को अर्पित किए। इसके बाद भस्म की होली खेली। मसाने की होली खेलने के लिए 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक काशी पहुंचे थे। आमतौर पर जिस चिता की राख से लोग दूरी बनाते हैं, आज उसी राख में लोग श्रद्धा और आस्था के साथ सराबोर नजर आए।




# पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा- 300 की मौत, 500 घायल

## ट्रम्प बोले- पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा; PAK का दावा- आतंकी हमलों के पीछे भारत





काबुल/इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरूआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने ह्यऑपरेशन गजब-लिल-हकह्व शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की।

**पाकिस्तान का दावा- 274 अफगान लड़ाके मारे** : पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# वैदिक परंपरा के साथ विशेष होलिका दहन
# 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहा वैदिक परिवार मंडला





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। नगर में वैदिक परिवार मंडला द्वारा आगामी 2 मार्च 2026, सोमवार को शाम 7:30 बजे अग्रसेन चौक, तहसील चौराहा मंडला में विशाल एवं विशेष होलिका दहन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2016 से निरंतर आयोजित हो रहा यह पावन धार्मिक अनुष्ठान इस वर्ष अपने 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। हिंदू धर्म में होलिका दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक और धार्मिक संदेश का प्रतीक है। यह पर्व भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और सत्य के प्रति अडिग विश्वास की विजय का उत्सव है। पुराणों के अनुसार जब असुरराज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान की भक्ति से रोकने के लिए अनेक प्रयास किए, तब अंततः होलिका के माध्यम से अग्नि में भस्म करने की योजना बनाई गई। किंतु ईश्वर की कृपा से भक्त प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका दहन हो गई। यह प्रसंग दशार्ता है कि अधर्म, अहंकार और अत्याचार का अंत निश्चित है तथा सत्य, श्रद्धा और भक्ति की सदैव विजय होती है।**

होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात्रि में किया जाता है, जिसे शास्त्रों में अत्यंत शुभ और शुद्धिकारक माना गया है। इस दिन अग्नि में आहुतियां देकर व्यक्ति अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों– अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष–का दहन करने का संकल्प लेता है। वैदिक परिवार मंडला द्वारा इसी आध्यात्मिक भाव के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन एवं विधिवत पूजन-अर्चन के साथ होलिका दहन किया जाएगा। वही इस वर्ष आयोजन की विशेषता यह है कि होलिका की प्रतिमा पूर्णतः गोबर से निर्मित की गई है। भारतीय संस्कृति में गोबर को अत्यंत पवित्र, रोगनाशक और वातावरण को शुद्ध करने वाला माना गया है। शास्त्रों में उल्लेख है कि गोबर से निर्मित वस्तुएं न केवल पर्यावरण के लिए हितकारी होती हैं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। प्रतिमा के निर्माण में हवन सामग्री, कपूर, राल, चंदन, महावर आदि का समावेश किया गया है, जिससे दहन के समय वातावरण में सुगंधित और शुद्ध धुएं का प्रसार होगा। प्रतिमा के साथ हजारों कंडों का उपयोग भी किया जाएगा, जो वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। वही इस वर्ष भी वैदिक परिवार मंडला पिछले दस वर्षों से निरंतर हजारों कंडों के माध्यम से होलिका दहन करता आ रहा है। इस वर्ष गोबर से निर्मित प्रतिमा के माध्यम से एक अभिनव, पर्यावरण हितैषी और सनातन परंपरा आधारित प्रयोग किया गया है, जो धार्मिक आस्था और प्रकृति संरक्षण का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है। प्रतिमा निर्माण में मंडला के बॉटल आर्ट के महारथी त्रिलोक सिंधिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सहयोग से यह विशेष प्रतिमा भव्य, आकर्षक और आध्यात्मिक आभा से युक्त रूप में तैयार की गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वैदिक परिवार मंडला से जुड़े पंडित ऋषि महाराज ने जानकारी दी कि पूर्णिमा पूजन, होली पूजन एवं होलिका दहन 2 मार्च, सोमवार को ही संपन्न होगा। ग्रहण के कारण 3 मार्च को धुड़ेरी का कार्यक्रम नहीं किया जाएगा, बल्कि यह आयोजन 4 मार्च, बुधवार को संपन्न होगा। आयोजन समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अनुष्ठान में सहभागिता निभाएं तथा धर्म, संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। वही वैदिक परिवार मंडला द्वारा आयोजित विशेष होलिका दहन समारोह इस वर्ष अपने 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2016 से निरंतर हजारों कंडों के माध्यम से संपन्न हो रहा यह आयोजन मंडला की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुका है। इस वर्ष गोबर से निर्मित होलिका प्रतिमा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सनातन मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है। यह अनुष्ठान बुराई के दहन के साथ-साथ अहंकार, क्रोध और नकारात्मक विचारों के त्याग का भी प्रेरक है।

## इनका कहना है



पूर्णिमा पूजन, होली पूजन एवं होलिका दहन 2 मार्च को वैदिक विधि से संपन्न किए जाएंगे। ग्रहण के कारण धुड़ेरी का कार्यक्रम 4 मार्च (बुधवार) को आयोजित किया जाएगा। समस्त श्रद्धालुओं से शुद्ध मन एवं श्रद्धा भाव से अनुष्ठान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

**ऋषि महाराज, पंडित वैदिक परिवार मंडला**



वैदिक परिवार मंडला द्वारा आयोजित विशेष होलिका दहन हमारी सनातन परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहा यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। मैं सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अनुष्ठान में सहभागी

**आशीष द्विवेदी, मंडला**

## मंडला में जनता का उमड़ता सैलाब, लेकिन समाधान की जगह सिर्फ झूठे वादे और लापरवाही का जाल
# जनसुनवाई : सरकारी दिखावा का काला चेहरा!




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** राज्य सरकार की तथाकथित महत्वाकांक्षी जनसुनवाई योजना अब एक क्रूर मजाक बन चुकी है, जहां हर मंगलवार जिला मुख्यालय पर सैकड़ों गरीब-गुरबों की भीड़ अपनी दुखती रगों को सहलाने पहुंचती है, लेकिन बदले में मिलता है सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाने का आश्वासन। आदिवासी बहुल मंडला जिले में यह कार्यक्रम अब जनता की उम्मीदों पर पानी फेर रहा है , आवेदन जमा होते हैं, कलेक्टर निर्देश देते हैं, अधिकारी जल्दी का राग अलापते हैं, लेकिन हकीकत में निराकरण शून्य!

योजनाओं की पोल खुल रही है, लापरवाही चरम पर है, लेकिन कार्रवाई का नामोनिशान नहीं। क्या शासन-प्रशासन सोया हुआ है, या जानबूझकर जनता को ठग रहा है? ग्राम परसवाड़ा तहसील नैनपुर से मनोज सिंह कुशवाह और नयन पडवार जैसे सैकड़ों पीड़ितों की कहानी दिल दहला देने वाली है। मनोज ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मांगा झ दो साल पहले सारे कागजात जमा किए, लेकिन तहसील कार्यालय की लापरवाही ने उन्हें वंचित रखा। ह्लहमारी मेहनत की कमाई छीन ली जा रही है, लेकिन सुनवाई कौन करेगा?ह्व झ मनोज का सवाल सीधे सरकार की नाकामी पर तमाचा है। इसी तरह, नयन पडवार ने ग्राम परसवाड़ा में नल जल योजना शुरू करने की गुहार लगाई, लेकिन महीनों बीत गए, पानी की एक बूंद नहीं टपकी। क्या ये योजनाएं सिर्फ चुनावी जुमलों के लिए बनी हैं? और यह सिर्फ दो उदाहरण नहीं, जनसुनवाई में पानी, बिजली, सड़क, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायतों का अंबार लगा है। हाल ही में, नैनपुर तहसील के पटवारी हल्का नंबर 34 के किसानों ने पांचवीं बार आवेदन दिया, जहां कॉलोनाइजरों ने खेतों का पहुंच मार्ग अवरुद्ध कर दिया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ह्लत्वरित निराकरणह्व का वादा किया, लेकिन हकीकत में कुछ नहीं हुआ। इसी तरह, नारायणगंज के पडरिया ग्राम पंचायत में आरक्षित शासकीय भूमि पर अवैध दुकान निर्माण ने ग्रामीणों को सड़क पर उतार दिया झ वे जन आंदोलन की धमकी दे रहे हैं, क्योंकि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा खतरे में है।मंडला जिले के नागरिक भौतिक सत्यापन की मांग कर रहे हैं लेकिन लापरवाही ऐसी कि आवेदन धूल फांकते रहते हैं। ग्रामीणों का गुस्सा फूट रहा है झ ह्लअगर योजनाएं सही से लागू होतीं, तो जनसुनवाई में भटकने की क्या जरूरत?ह्व एक स्थानीय निवासी ने कहा, ह्लयह सिर्फ फोटो सेशन और बैनरबाजी है, जनता की पीड़ा का मजाक उड़ाया जा रहा है। मंडला की जनता अब इंतजार की हद पार कर चुकी है। ग्राम पंचायतों में सड़कें टूटीं, नालियां बह रही हैं, पेयजल की पाइपलाइनें फूटीं झ और अन्य समस्याएं नागरिकों को परेशान कर रही है। क्या सरकार इंतजार कर रही है कि गुस्सा सड़कों पर उतरे? नागरिकों की मांग साफ है: उच्च स्तरीय जांच हो, लंबित आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। वरना, यह ह्वजनसुनवाईह्ल सिर्फ एक और सरकारी फेलियर का नाम बनकर रह जाएगी। समय है ठोस कदम उठाने का झ जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती!

## 20 शिक्षा केंद्रों सहित 35 संस्थानों में आयोजन, 508 प्रतिभागियों की रही सक्रिय सहभागिता
# बीजाडांडी के दूरस्थ अंचलों में उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस






**दैनिक रेवांचल टाइम्स, मंडला। जिले के विकासखंड बीजाडांडी के दूरस्थ क्षेत्रों में 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। एकलव्य एवं ऑरेकल के सहयोग से संचालित 20 शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र, 12 टेमिल केंद्र तथा 3 माध्यमिक शालाओं में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 508 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 438 बच्चे, 42 युवा और 28 समुदाय के सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई।**

वालेंटियर साथियों ने बच्चों को महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन की ऐतिहासिक खोज ह्यरमन प्रभावह्न के बारे में बताया, जिसके लिए उन्हें 28 फरवरी 1930 को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बच्चों को सरल एवं संवादात्मक शैली में समझाया गया कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन, प्रकृति और परिवेश के हर पहलू में मौजूद है तथा यह जिज्ञासा, प्रयोग और सत्य की खोज की प्रेरणा देता है।

### गतिविधि आधारित प्रयोगों से बच्चों ने सीखा विज्ञान

आयोजन के दौरान बच्चों को गतिविधि आधारित प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान की अवधारणाएँ समझाई गईं। ओरिगेमी पेपर से नाव और मछली बनाकर पानी में उनके व्यवहार का अवलोकन कराया गया। नाव के माध्यम से जल में गति (वेग) की अवधारणा को समझाया गया, वहीं मछली के जरिए जल में श्वसन प्रक्रिया एवं जीवों के अनुकूलन की जानकारी दी गई। चाय के डिस्पोजल कप और धागे से ह्यटेलीफोनह्न का मॉडल तैयार कर ध्वनि तरंगों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया, जिससे बच्चों ने अनुभव किया कि कंपन के माध्यम से ध्वनि एक स्थान से दूसरे स्थान तक कैसे पहुँचती है। गीत, खेल और सामूहिक गतिविधियों से बना आनंदमयी वातावरण समापन अवसर पर बच्चों के साथ सामूहिक मैदानी खेल, पारंपरिक समूह गीत एवं आनंदमयी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। ह्नहाय रे कसम बाजाराह्न और ह्नतेरी कसम बाजाराह्न जैसे गीतों के साथ बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इन गतिविधियों से न केवल सीखने का वातावरण बना, बल्कि सहयोग, सामूहिकता और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित हुई।

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला के बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 19 साल के युवक की मौत हो गई। यह घटना बरबसपुर गांव स्थित रेत खदान के पास हुई। मृतक की पहचान सिवनी जिले के धनोरा निवासी देव शाह मरकाम (19) के रूप में हुई है। रेत खदान में मशीन हेल्पर के तौर पर कार्यरत था देव शाह बरबसपुर की रेत खदान में मशीन हेल्पर के तौर पर कार्यरत था। शनिवार को ड्यूटी खत्म होने के बाद वह अपने ठिकाने की ओर लौट रहा था, तभी खदान क्षेत्र में एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल युवक को बम्हनी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# वन अधिकार दावा प्रक्रिया समझने बैतूल के आदिवासीयों का मवई आगमन



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मूलवासी सेवा समिति छिंदीगढ मवई मंडला द्वारा वन अधिकार कानून 2006 के प्रावधानों के अनुसार इस क्षेत्र में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रपत्र भरने की प्रक्रिया विगत दो वर्षों से गांव झ गांव में चलाया जा रहा है। अबतक 9 गांव का प्रपत्र भरकर उपखंड स्तरीय समिति बिछिया में जमा किया जा चुका है और 16 गांव की दावा भरने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।इस दावा प्रक्रिया को पूरा करने में प्रत्येक गांव को अनुमानित एक माह का समय लगता है।यह दावा प्रक्रिया जंगल या उसके पास निवास करने वाले मध्यप्रदेश के सभी गांवों को करना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से समय झ समय पर कलेक्टर,वन विभाग और आदिवासी कल्याण विभाग को दिशा निर्देश जारी किया जाता रहा है।वन अधिकार कानून क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। मवई में दावा प्रक्रिया भरे जाने की जानकारी बैतूल के ग्रामीणों को मिला तो कल शुक्रवार को जिले के 30 सामूदायिक लीडर वनाधिकार कानून 2006 के प्रावधानों और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानने समझने के लिए देवगन लिंगों गोंडवाना गोटूल सेम्हर कछार ग्राम पोड़ी बहरमुंडा विकास खंड- मवई तहसील बिछिया में आये थे। उनके साथ वनाधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के प्रावधानों, प्रक्रिया तथा चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। चर्चा उपरांत बैतूल से आये सभी सामुदायिक लीडरों ने अपने -अपने क्षेत्रों में वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन के साथ काम शुरू करने का निर्णय लिया है और समय झ समय पर मूलवासी सेवा समिति मध्यप्रदेश को मदद देने के लिए आग्रह किया गया है। ज्ञात हो कि वन अधिकार कानून ग्राम सभा को प्राथमिक निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में सशक्त बनाता है, जिससे वन अधिकारियों पर निर्भरता कम हो जाती है।समुदाय अपने जीवनयापन के लिए जंगलों पर निर्भर होते हैं, इसलिए वे अक्सर बाहरी रक्षकों की तुलना में जंगलों की बेहतर सुरक्षा करते हैं। यह संरक्षण को आजीविका से जोड़ता है। ? इस कार्यक्रम में मवई विकास खंड से 15 गांव के प्रतिनिधियों के अलावा स्टेट मास्टर ट्रेनर एफआरए चरन सिंह परते, सुन्दर लाल मार्को क्षेत्रिय मुखिया , रूक्मणी सुरेशवर,चंद्रावती पेंद्रो, एट्री संस्था के मोहित महाजन आदि शामिल थे।

## माहिष्मती घाट पर रंगों की बहार, दो दिवसीय होली उत्सव मेले का भव्य शुभारंभ

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** माहिष्मती घाट के समीप स्थित कला दीर्घा परिसर में दो दिवसीय होली उत्सव मेले का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिंह कुशराम एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करते हुए स्व सहायता समूहों की महिलाओं से उनके उत्पादों की जानकारी ली तथा फूड स्टॉल पर तैयार किए जा रहे व्यंजनों का स्वाद भी चखा। मेले में जिले भर के स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं प्राकृतिक उत्पादों को विक्रय के लिए प्रदर्शित किया गया है। विशेष रूप से होली पर्व के लिए तैयार किए गए हर्बल रंग, गुलाल एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## जांच में खुला हिसाब-किताब का काला सच, पूर्व अध्यक्ष पर 18.77 लाख की वसूली का शिकंजा
# कछवाहा समाज ट्रस्ट में लाखों का खेल!



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। कछवाहा समाज ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितताओं का ऐसा मामला सामने आया है जिसने समाज की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच समिति की रिपोर्ट में ट्रस्ट के खातों में भारी गड़बड़ी, डबल एंट्री, बिना क्रम के वाउचर, बिना रसीद वसूली और प्रस्ताव रजिस्टर से छेड़छाड़ जैसे चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मामले में तत्कालीन पदाधिकारी रहे रंजीत कछवाहा से 18,77,061 रुपये की वसूली की मांग करते हुए शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई तक पहुंच चुकी है।**

**तीन बार दिए रिकॉर्ड हर बार निकली खामियां–** जांच प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों को लेकर जो तस्वीर सामने आई, वह खुद कई सवाल खड़े करती है– पहली बार 11 अप्रैल 2025 को रफ कैश बुक थमा दी गई। दूसरी बार 6 जुलाई 2025 को फिर वही स्थिति रही। तीसरी बार 8 अगस्त 2025 को पन्नों में लिखी कैश बुक तो दी गई, लेकिन वाउचर बेतरतीब पाए गए। जांच समिति को बार-बार रिकॉर्ड लौटाकर मूल दस्तावेज लाने के निर्देश देने पड़े।

**रिकॉर्ड देने से इनकार, फिर दबाव में सौंपे दस्तावेज–** सूत्र बताते हैं कि 2 अगस्त 2025 को लिखित में रिकॉर्ड न देने की बात कही गई, लेकिन उसी बैठक में अध्यक्ष के निर्देश के बाद दस्तावेज सौंप दिए गए। इससे पूरे मामले की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। समायोजन के बाद भी करोड़ के करीब गड़बड़ी का दावा पूर्व पदाधिकारी के अनुरोध पर कुछ वाउचरों का समायोजन किया गया– 5,80,244 रुपये 1,43,413 रुपये इसके बावजूद 18.77 लाख रुपये की वसूली बाकी बताई गई है।

**बैंक खातों में सन्नाटा, कैश बुक में खेल–** जांच में सामने आया कि– ट्रस्ट के बैंक खातों में नाममात्र की राशि मिली, कैश बुक में डबल एंट्री सदस्यों से राशि लेने के बावजूद रसीद नहीं, यह स्थिति ट्रस्ट की वित्तीय पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

**प्रस्ताव रजिस्टर के पन्ने उखाड़ने का आरोप–** सबसे गंभीर आरोप प्रस्ताव रजिस्टर को घर ले जाकर उसमें मनमाने प्रस्ताव दर्ज करने और बाद में पन्ने उखाड़कर क्रम बदलने का है। यदि यह साबित होता है तो यह सिर्फ वित्तीय नहीं बल्कि प्रशासनिक अनियमितता भी मानी जाएगी।

**बिजली बिल तक नहीं भरा, मंदिर अंधेरे में डूबा–** छह महीने तक बिजली बिल जमा न होने से मंदिर और मंगल भवन की बिजली कट गई थी। बाद में समाज के सदस्यों ने अपनी जेब से पैसा देकर सप्लाई बहाल कराई।

**जनसुनवाई तक पहुंचा मामला, कार्रवाई का इंतजार** –समाज ने पूरे प्रकरण को कलेक्टर की जनसुनवाई में रखकर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

**प्रेस वार्ता पर भी उठा सवाल–** कुछ पत्रकारों ने पूछा कि जब मामला प्रशासन के पास है तो प्रेस वार्ता क्यों? इस पर समाज पदाधिकारियों ने कहा– यह जनता के सामने सच्चाई लाने और पारदर्शिता बनाए रखने की लड़ाई है। **अब सबसे बड़ा सवाल–** क्या इस पूरे मामले में प्रशासन सख्त कदम उठाएगा? या फिर समाज की करोड़ों की आस्था से जुड़ा यह ट्रस्ट भी जांच फाइलों में दबकर रह जाएगा?




# शांतिर गांजा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 1.235 किलो गांजा सहित बाइक जप्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर। जिले की बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। धनिया ठेला तिराहा में वाहन चेकिंग के दौरान बेलिया छोट तरफ से एक बिना नंबर की होण्डा कंपनी की एसपी 125 ब्लेक ग्रीन कलर की मोटर साइकल का चालक की संदिग्ध गतिविधि से उसके अवैध कार्य में संलिप्तता की शंका हुई, जो मौके पर उसके मोटर सायकल की डिक्की ( झोला ) चेकिंग के दौरान उसमें एक सफेद लाल रंग का नंदी लिखा हुआ झोला मिला, जिसे डिक्की से वाहर निकलवाकर चेक किया तो झोला के अन्दर में हरी सुखी पत्तियां , डंठल बीज युक्त जैसा मादक पदार्थ गांजा दिखाई दिया जिसका अवैध कब्जा संज्ञेय अपराध है ।**



आरोपी चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश गुप्ता पिता स्व. राकेश गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी पत्थर्रा थाना पेंड्रा जिला जीपीएम छ.ग. का होना बताया। अवैध मादक पदार्थ गांजा का बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी के कब्जे से बरामद गांजा वजन करने पर 1.235 किलो होना पाया गया जो आरोपी का कृत्य अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कारित करना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर अनुसंधान में लिया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी गांजा तस्कर के विरूद्ध अपरहण,बलात्कार, हत्या के प्रयास और गांजा तस्करीजैसे गंभीर मामलो के 04 प्रकरण पूर्व से पंजीबध होना पाया गया है। मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 1 किलो 235 ग्राम कीमती 12000 रुपये तथा बिना नंबर की होण्डा कंपनी की ब्लैक ग्रीन एसपी 125 मोटर सायकल कीमती 50000 रुपये एवं एक आसमानी कलर का एंड्रायड मोबाईल फोन वीवो कंपनी का कीमती 5000 रुपये, कुल 67000 रुपये का मशरुका जप्त किया गया।



# कांग्रेसियों के ज्ञापन सौंपने के बाद जिला चिकित्सालय में पार्किंग शुल्क हुआ बन्द

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिला चिकित्सालय में पार्किंग शुल्क लगाकर वसूली चालू किया गया था, जिससे आमजनों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ने पर जनपद पंचायत अध्यक्ष जैतहरी राजीव सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम खेलावन राठौर पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह ने जिला चिकित्सालय जाकर कलेक्टर अनूपपुर से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा, इस दौरान सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। तत्काल प्रभाव से सिविल सर्जन डॉ एस.आर.परस्ते ने पार्किंग शुल्क समाप्त करने की घोषणा किया और वसूली कताओं को पार्किंग स्थल छोड़ने का मौके पर मौखिक निर्देश दिया। पार्किंग स्थल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगरपालिका अनूपपुर के पूर्व उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह ने कहा कि अस्पताल में मरीज और उनके परिवार जन ईलाज के लिए आते हैं और रोगी कल्याण समिति को 10 रुपए देकर पर्ची कटाते हैं, इसके अतिरिक्त शुल्क देना गरीब मरीजों के लिए आर्थिक बोझ है। जिला चिकित्सालय परिसर में ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र है, जिसमें जेनरिक दवाइयां बहुत सस्ते दामों पर उपलब्ध है जिन्हें 5 रुपये की दवा लेना है, उन्हें भी 20 रुपया पार्किंग शुल्क देना पड़ेगा जो कि सरासर जन औषधि केंद्र की मंशा के विपरीत है। जनहित की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए कलेक्टर महोदय ने पार्किंग शुल्क समाप्त करने के निर्देश दिए जिस पर सिविल सर्जन द्वारा तत्काल प्रभाव से पार्किंग शुल्क लेने पर रोक लगा दिया।आदिवासी अंचल के लोगों के लिए बहुत राहत भरी खबर है जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम खेलावन राठौर ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# श्रमिक नियोजन बढ़कर लेबर बजट का लक्ष्य पूर्ण करें ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने ग्रीष्मकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल समस्या के निदान के लिए बिगड़े हैंडपंपों को सुधारने, नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम पंचायत के टैंकर में सुधार कार्य/ मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हैं उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत,जनपद पंचायत के अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने गौशालाओं में बोरवेल के माध्यम से पेयजल सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तकनीकी अमले के साथ संयुक्त भ्रमण कर पेयजल सुविधा के उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत में जल समस्या से संबंधित रजिस्टर का संधारण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत को स्वायत्त बनाने के लिए स्व करारोपण पद्धति के पालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता, नल जल, प्रकाश, संपत्ति कर तथा भवन अनुज्ञा के माध्यम से करो की वसूली के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भवन अनुज्ञा आवेदन ग्राम पंचायत में प्राप्त किया जाए तथा विधिवत निर्माण की अनुमति दी जाए पोर्टल से भी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। बैठक में बकाया विद्युत बिल के भुगतान तथा अनावश्यक विद्युत कनेक्शन को विच्छेद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए।

# डीएफओ ने वनरक्षक पटासी को किया निलंबित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** वन मंडलाधिकारी, दक्षिण वन मंडल शहडोल श्रद्धा पेंद्रे ने वन मण्डल दक्षिण शहडोल में वन परिक्षेत्र शहडोल अंतर्गत बीटगार्ड पटासी में पदस्थ श्री शिवप्रसाद मरकाम, वनरक्षक को बिना किसी सूचना के स्वेच्छापूर्वक दिनांक 18 सितंबर 2025 से अपने कर्तव्य ड्यूटी व मुख्यालय से अनुपस्थित रहने एवं अनाधिकृत रूप से शासकीय सुरक्षा की राशि आहरण कर इनके द्वारा सुरक्षा श्रमिकों का भुगतान भी नहीं करने के फलस्वरूप म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के प्रावधान अंतर्गत शिवप्रसाद मरकाम, वनरक्षक, वन परिक्षेत्र शहडोल बीटगार्ड पटासी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेष में कहा गया है कि निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय वन परिक्षेत्र केशवाही होगा एवं निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# पांच हजार रुपए का ईनाम घोषित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने अपृहता निवासी ग्राम बैगांव थाना मानपुर जिला उमरिया के अपराध क्रमांक 49/2026 धारा 137(2) बी एन एस के तहत कहा है कि जो व्यक्ति ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर दस्तयाबी,गिरफ्तारी संभव हो उसे पांच हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा । ईनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक जिला उमरिया का अंतिम निर्णय मान्य होगा ।

# कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालय की परीक्षा का किया निरीक्षण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय उमरिया के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया तथा शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में हाई स्कूल कि विज्ञान विषय की परीक्षा का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान परीक्षाएं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया में दर्ज 300 विद्यार्थियों में से 283 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 17 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए । इसी तरह शासकीय सज्जन उत्कृट विद्यालय उमरिया में आयोजित विज्ञान की परीक्षा मे कुल दर्ज 339 में से 337 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी वहीं दो विद्यार्थी अनुपस्थित रहे । निरीक्षण के दौरान शासकीय सज्न्न उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में पर्याप्त संख्या में रोशनी करने के निर्देश दिए गए । इस दौरान संबंधित परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

# राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ, 3 माह तक चलेगा एचपीवी टीकाकरण अभियान




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाएँ टीकाकरण के लिए पात्र होंगी। साथ ही, अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली बालिकाएँ भी पात्र मानी जाएँगी। यह टीकाकरण पूर्णतः स्वैच्छिक है तथा अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। निर्धारित अनुसार 0.5 मि.ली. की एकल खुराक इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन के माध्यम से दी जाएगी। एचपीवी टीकाकरण केवल शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल और शासकीय मेडिकल कॉलेज जिनमें चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध हैं, में किया जायेगा। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक अवलोकन में रखा जाएगा। अभियान अवधि के दौरान प्रतिदिन टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण के लिए जिले में जहां कोल्ड चौन सेंटर उपलब्ध है वहां टीकाकरण केंद्र बनाएं गएं है। जिलें में इसके लिए 9 स्वास्थ्य केंद्रो का चयन किया गया है। जिसमें जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज शहडोल, सिविल अस्पताल, बुढार, जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू, सिंहपुर शामिल है। इसके अतिरिक्त जैतपुर एवं ब्यौहारी क्षेत्र में निपनिया में भी वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किया जा रहा है। वैक्सीनेशन सेंटर में हितग्राहियो को उपस्थित होकर टीकाकरण कराना होगा।

# डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव को सौंपा गया सीईओ मानपुर का प्रभार



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर, व्दारा अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर बैकल्पिक व्यवस्था के तहत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया का प्रभार अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ श्री प्रत्युष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर, जिला उमरिया को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौपा है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। विदित हो कि मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के आदेश द्वारा अंकित कुमार सीरोठिया,को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर के पद पर पदस्थ किया गया है, किन्तु आदेशानुसार श्री सिरोठिया,मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थागत वाल्मी हिल्स,कलियासोत बाँध, भोपाल मध्यप्रदेश में 45 दिवस तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया ने प्रबंधन में एक कदम और आगे बढ़ाया

**उमरिया।** बाघिन को बांधवगढ़ से सुरक्षित रूप से राजस्थान के मुकुंदरा किया गया रवाना उमरिया 28 फरवरी। क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के प्रबंधन टीम के द्वारा बीट जगुआ, परिक्षेत्र पनपथा बफर से लगभग 3.5 वर्ष आयु की एक बाघिन को वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी की टीम के द्वारा ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। उसके उपरांत रेस्क्यू विशेषज्ञ वन्य जीव स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सकों द्वारा बाघिन का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान बाघिन पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित रूप से रेडियो कॉलर पहनाया गया ।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और विश्वास के अनुरूप किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कलेक्टर अनुपपुर हर्षल पंचोली द्वारा जिला चिकित्सालय अनुपपुर में किया गया। जिले की किशोरियों के लिए यह एक ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल है। 28 फरवरी 2026 से प्रारंभ यह विशेष टीकाकरण अभियान 09 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का प्रमुख कारण एचपीवी वायरस है, जिससे बचाव के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी माना जाता है। शुभारंभ उपरांत कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों से चर्चा कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की, अस्पताल की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ओपीडी सेवाओं के संचालन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। टीकाकर्मी मधु पाल द्वारा किशोरी को एचपीवी टीका लगाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला चिकित्सालय की समस्त टीकाकरण टीम कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# रीजनल अस्पताल के डॉक्टर दीनबंधु हुए सेवानिवृत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** कोतमा एसईसीएल के रीजनल अस्पताल जमुना कोतमा क्षेत्र में पदस्थ डॉक्टर दीनबंधु आज सेवानिवृत हुए । सेवानिवृत होने पर उन्हें कोतमा क्षेत्र के लोगों ने अपनी नम आंखों से विदाई दी और डॉक्टर साहब को बेहतर कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। 11 वर्षों से डॉक्टर दीनबंधु ने जमुना कोतमा क्षेत्र के रीजनल अस्पताल में सेवाएं दे रहे थे। करोना काल के भयावह बीमारी के समय रीजनल अस्पताल में करोनाइंचार्ज के रूप में इन्होंने 106 मरीजों में सभी मरीजों को स्वस्थ करके उनके घर भेज था । जबकि डॉक्टर साहब स्वयं करोना की चपेट में आ गए थे। दीनबंधु हार्ट के स्पेशलिस्ट माने जाते रहे और उन्होंने जमुना कोतमा क्षेत्र के हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान कर उन्हें नया जीवन दिया और हृदय संबंधी बीमारियों में कमियां भी लाए।

# अनुराग ने पास की सीएस की परीक्षा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल कार्यालय में पदस्थ लिपिक संतोष सिँह के सुपुत्र अनुराग सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से 'कंपनी सेक्रेटरी' (उर) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अनुराग सिंह अब एक प्रोफेशनल कंपनी सेक्रेटरी (उर) बन चुके है। वर्तमान समय अनुराग जे एस डब्ल्यू इंफ्रा मुंबई में सेक्रेट्रियल कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत है। विदित हो कि किसी भी बड़ी एवं मल्टी नेशनल कंपनी में सीएस यानी कंपनी सेकेट्री का पद बहुत ही महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाला होता है। जो कि कंपनी संचालन में भी अहम् भूमिका भी निभाता है। निश्चित श्री सिंह पुत्र की यह सफलता सभी के लिए गर्व की बात है।

## सृजन कार्यक्रम से किशोरों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का संचार

# सृजन कार्यक्रम में बच्चों को मिला जीवन कौशल प्रशिक्षण व आत्मविश्वास का संचार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर। मध्यप्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिस योजना के अंतर्गत ह्लसृजन कार्यक्रमह्व का भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन थाना जैतहरी क्षेत्र स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम उप-पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर के दिशा-निदेर्शानुसार, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतिउर्रहमान के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नोडल सृजन कार्यक्रम अनूपपुर जगन्नाथ मरकाम के नेतृत्व में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत उपरांत सहभागी संस्था ह्लहार्डह्व के सुशील शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों को सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित करना है। बच्चों को आत्मरक्षा कौशल, मानसिक एवं शारीरिक सुदृढ़ता,




कानूनी साक्षरता, अधिकारों की जानकारी तथा कानून के प्रति जागरूक बनाना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही समुदाय और पुलिस के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करना भी कार्यक्रम की प्राथमिकता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा, जीवन कौशल, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा तथा जेंडर संबंधी मुद्दों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेष स्वास्थ्य सत्र में बी.सी.एम. कोमल सिंह मार्को ने पोषण एवं स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। सृजन का अर्थ रचना है, और जीवन में निरंतर सकारात्मक सृजन होता रहना चाहिए। आपने इस कार्यक्रम में जो सीखा है, उसे अपने जीवन में अपनाकर आगे बढ़ें, यही सच्ची सफलता है। सृजन मास्टर ट्रेनर एवं उपनिरीक्षक प्रभात मिश्रा ने बच्चों को प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा विद्यालय की ओर से अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर नशा मुक्ति भारत अभियान एवं नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल स्टेट रेफरी श्री दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा किया गया।

## संपादकीय

# व्यापार समझौते का सच

हम एक लोकतांत्रिक देश हैं, लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और विरोध-प्रदर्शन हमारे संवैधानिक और मौलिक अधिकार हैं। हम प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सरकार और नीतियों की आलोचना और विरोध कर सकते हैं, लेकिन ये अधिकार निरंकुश नहीं हैं। उनकी अपनी सीमा, समय और मयार्दाएं तय हैं। जरा संविधान के संबद्ध अध्याय को पढ़ लीजिए। ये अधिकार देश की जन-व्यवस्था को बिगाडने वाले नहीं होने चाहिए। किसी के घर में घुसकर आंदोलन खड़े नहीं किए जा सकते। युवा कांग्रेस के बेकमीज कार्यकताओं ने एआई शिखर सम्मेलन में घुसकर जो उत्पात मचाया था, उसे देश ने भी खारिज किया और कांग्रेस के सहयोगी दलों ने भी मुखालफत की, नाराजगी जताई, क्योंकि यह देश के मान-सम्मान का सवाल था। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करना था, तो पूरा देश खाली पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही आंदोलन-स्थल चिह्नित हैं। कांग्रेस के युवाओं ने एक वैश्विक मंच को तितर-बितर करने की कोशिश की थी। दिल्ली पुलिस ने कुछ गैर-जमानती, गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए हैं और 8 उपद्रवी उसकी रिमांड पर हैं। कांग्रेस इन दंगाइयों को बब्बर शेर करार दे रही है और ऐसे प्रदर्शनों के लिए उकसा रही है। केस में आपराधिक साजिश, देश की अखंडता के खिलाफ, दंगे में शामिल होना और भडकाने, लोकसेवक पर हमला आदि की धाराएं लगाई गई हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब को भी रिमांड पर लिया गया है। अब इसे व्यापार समझौता बनाम किसान बनाम प्रधानमंत्री का मुद्दा बना दिया गया है। किसान महाचौपाल की पहली रैली के लिए भोपाल चुना गया, क्योंकि मप्र में करीब 83.50 लाख किसान हैं। मप्र को सोया स्टेट कहा जाता है, जहां देश के करीब 45 फीसदी सोयाबीन का उत्पादन होता है। करीब 50 लाख किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। दरअसल देश की हकीकत यह है कि भारत करीब 60 फीसदी सोयाबीन एवं खाद्य तेल अर्जेन्टीना से आयात करता है और 20 फीसदी तेल ब्राजील से लेते हैं। मात्र 2 फीसदी खाद्य तेल अमरीका से आयात किया जाता है। भारत दशकों से 75 फीसदी खाद्य तेल और दालें आयात करता रहा है, क्योंकि भारत में खपत इतनी है और भारतीय किसान इतना उत्पादन करने में असमर्थ है। भारत कुल 1.61 लाख करोड़ रुपए का खाद्य तेल आयात करता है। क्या इन दशकों में हिंदुस्तान नहीं बिका? या किसान खत्म नहीं हुए? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप है कि उन्होंने अमरीका के साथ व्यापार समझौते के जरिए हिंदुस्तान को ही बेच दिया। वस्त्र उद्योग बर्बाद कर दिया। किसानों को खत्म (सोयाबीन, कपास के संदर्भ में) कर दिया और देश का महत्वपूर्ण डाटा अमरीका को दे दिया। चूंकि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और प्रधानमंत्री का लगातार विरोध करना ही उनका राजनीतिक दायित्व है। भारत के लोकतंत्र में नेता विपक्ष को छाया प्रधानमंत्री कहते हैं, क्योंकि वह दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद है। राहुल गांधी कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन सच तो यह है कि अभी अमरीका के साथ व्यापार समझौता हुआ ही नहीं है। सिर्फ फ्रेमवर्क हुआ था, जिसे कभी भी खारिज किया जा सकता है। अब अमरीकी सर्वोच्च अदालत के अवैध टैरिफ वाले फैसले के बाद दोनों पक्ष पुनर्विचार कर रहे हैं, बैठक भी टाल दी गई है। जब डील हुई ही नहीं, तो देश कैसे बेच दिया गया? इसके अलावा, भारत सरकार के वाणिज्य मंत्री, कृषि मंत्री लिखित तौर पर स्पष्ट कर चुके हैं कि किन कृषि, खाद्य, डेयरी उत्पादों और मसालों को भारत के बाजार में आने की अनुमति अमरीका को नहीं दी गई है। फिर देशहित से सौदा कैसे कर लिया गया? कमोबेश नेता प्रतिपक्ष देश को भ्रमित और गुमराह न करें। कांग्रेस अभी ऐसी महाचौपाल महाराष्ट्र और राजस्थान में भी आयोजित करेगी। बहरहाल यह उनकी राजनीति है, लेकिन एआई शिखर सम्मेलन के दौरान जो नंगापन सामने आया, क्या उसकी कोई भी लीड खुफिया एजेंसियों को नहीं मिली? यह खुफिया तंत्र की गंभीर नाकामी है कि वैश्विक आयोजन में हुड़दंग मच गया।

# विरोध के मंच और तरीके से कांग्रेस की साख पर सवाल

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह पर हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर आगे बढ़ते पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों और विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस विरोध प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है। संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है।



अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रूके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि देश को विदेशी प्रतिनिधियों के सामने शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी एक तरह से कांग्रेस को उपदेश ही दिया है। मनोज झा का कहना है कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है। ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, उसकी जगह क्या होनी चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत की एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में बीस फरवरी को युवा कांग्रेस की ओर से किया गया विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें दुनिया भर के 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 फरवरी से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों और मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज प्रधानमंत्री के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा। भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या फिर इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरक्स लड़ाई में वह दूसरे किसी विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोध में कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है। भारत मंडपम् में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम के चलते समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम से हलकान रही। इसका असर गुड़गांव और नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य ह्यसर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायह्ल को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो यह चाहिए था कि कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुददे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

## राशिफल

मेष राशि :- कुटुम्ब की समस्याओं में समय बीतेगा, धन का व्यय होगा, मन उद्विग्न रहे।

वृष राशि :- मानसिक बेचैनी क्लेश अशांति के योग बनेंगे तथा कार्य भार अवश्य ही बढ़ेगा।

मिथुन राशि :- व्यर्थ भ्रमण से धन हानि का आरोप, क्लेश से बचे तथा स्थिति संदिग्ध रहेगी।

कर्क राशि :- परिश्रम से कुछ सफलता मिलेगी, अर्थव्यवस्था कुछ अनुकूल बन जायेगी।

सिंह राशि :- मनोबल उत्साह वर्धक होवे, कार्यगति में सुधार होगा कार्य आनंद से हो।

कन्या राशि :- धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होवे, व्यक्तिगत मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

तुला राशि :- इष्ट मित्र सुख वर्धक होगे तथा सामाजिक कार्यो में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृश्चिक राशि :- भाग्य का सितारा प्रबल हो, कार्य गति में सुधार होगा बिगड़े कार्य बनेंगे।

धनु राशि :- कुटुम्ब में धन का व्यय, मानसिक व्यग्रता स्वभाव में बेचैनी बनेगी।

मकर राशि :- चिन्ताऐं दूर हो, सफलता के साधन जुटाये तथा रुचि कार्य अवश्य बनेगें।

कुंभ राशि :- स्त्रीवर्ग से हर्ष, उल्लास कार्यगति में अनुकूलता अवश्य ही बनेगी, चिन्ता हो।

मीन राशि :- अधिकारियों से तनाव स्थिति रखे, मित्रों से विवाद तथा धोखा होगा।

# सहरी से इफ्तार तक, जानें रोजे की सही दुआ और बरकत पाने के नियम

रमजान 2026 में रोजा रखने की नीयत से लेकर इफ्तार तक की सही दुआओं और उनके तरीके को समझें, जिसमें सहरी और इफ्तार के समय पढ़ी जाने वाली अरबी दुआओं का हिंदी अर्थ भी शामिल है। यह लेख आपको तरावीह की नमाज के महत्व को समझने में भी मदद करेगा। रमजान का पवित्र महीना इबादत और बरकत का समय है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। रोजा रखने से पहले और बाद में दुआ रखी जाती है, जिसके अपने खास नियम होते हैं और इन नियमों का पालन करना हर मुसलमान के लिए जरूरी है। रमजान में दुआ करने का फल कई गुना बढ़ जाता है, जिससे अल्लाह और बंदे का रिश्ता और भी गहरा हो जाता है।

रोजा रखने की दुआ (सहरी की दुआ)

रोजा रखने के लिए 'नीयत' यानी मन में पक्का इरादा करना सबसे जरूरी है। सहरी खाने के बाद दिल से अल्लाह को याद करते हुए रोजा रखने का इरादा किया जाता है।



दुआः 'व बिसौमि गदिन नवैतु मिन शाह्रि रमजान'

अर्थः 'मैं अल्लाह के लिए रमजान के रोजे की नीयत करता/करती हूं।'

रोजा खोलने की दुआ (इफ्तार की दुआ)

दिन भर रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तार के समय रोजा खोला जाता है। खजूर या पानी से रोजा खोलने से पहले दुआ पढ़ना सुन्नत है। माना जाता है कि इस दुआ को पढ़ने से खाने में बरकत आती है और सवाब मिलता है।

दुआः 'अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतु, व-बिका आमन्तु, व-अलयका तवक्कालतू, व अला रिजकिका अफतरतू'

अर्थः 'हे अल्लाह! मैंने तेरे लिए रोजा रखा, तुझ पर ईमान लाया, तुझ पर भरोसा किया और तेरे दिए हुए रिज्क (खाने) से रोजा खोला।'

### नीयत/दुआ का सही तरीका

रोजा खोलने की नीयत ठीक इफ्तार के समय ही करनी चाहिए। अगर कोई इफ्तार से बहुत पहले ही रोजा तोड़ने का मन बना ले, तो रोजा अमान्य हो सकता है। इसलिए सही समय पर दुआ पढ़कर ही रोजा खोलना चाहिए ताकि अल्लाह की रहमत बनी रहे।

### तरावीह की नमाज

रमजान में पांच वक्त की फर्ज नमाज के साथ-साथ 'तरावीह' की नमाज का भी बहुत महत्व है। यह नमाज रात के समय पढ़ी जाती है जिसमें पूरा कुरान सुना या पढ़ा जाता है। यह रातें इबादत में बिताने का सबसे अच्छा जरिया हैं। रमजान का महीना नेक काम करने और अल्लाह की राह पर चलने का संदेश देता है। रोजा, नमाज और दुआओं के जरिए इंसान खुद को पाक-साफ बनाता है और ढेरों खुशियां और बरकतें हासिल करता है।मेष राशि :- धन का व्यय होगा, तनाव पूर्ण वातावरण से बचने का प्रयास करें, स्वास्थ्य नरम रहेगा।

# मैं हूं गाने में सलमान ने खुद के सफेद घोड़े के साथ की शूटिंग



मुंबई। बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान के गाने मैं हूं में अपने खुद के सफेद घोड़े के साथ शूटिंग की है। वेलेंटाइन डे पर रिलीज हुआ सलमान खान और चित्रांगदा सिंह का बैटल ऑफ गलवान का रोमांटिक गाना मैं हूं चार्टबस्टर्स में टॉप कर रहा है और साल के सबसे रोमांटिक गानों में से एक बन गया है। मैं हूं में दिखने वाला सफेद घोड़ा सलमान खान का अपना है। सामने आए मैं हूं गाने के एक स्पेशल बिहाइंड द सीन्स (बीटीएस) वीडियो में दर्शकों को यह निजी रिश्ता देखने को मिला है। शूटिंग के बीच सलमान खान का अपने घोड़े को खाना खिलाना, दुलारना और उससे बात करना कैमरे में कैद हुआ एक दिल को छू लेने वाला पल है, जो दृश्यों को और रियल बनाता है और उनकी परफॉर्मेंस के असर को बढ़ा देता है। फाइनल कट से पहले का यह बिहाइंड द सीन्स फुटेज इस पहले से ही शानदार गाने में एक इमोशनल परत जोड़ता है। लेकिन यह निजी पल जानवरों के साथ सलमान के सहज और नेचुरल अंदाज पर रोशनी डालते हैं, जिसे उनके फैंस पहले से ही जानते हैं। ऐसी इंडस्ट्री में जहां ज्यादातर बड़े सीन्स के लिए ट्रेंड जानवरों का इस्तेमाल किया जाता है, सलमान का अपना घोड़ा इस्तेमाल करना इस फिल्म के नजारे को एक पर्सनल अंदाज देता है। यह सिर्फ एक सीन नहीं बल्कि भरोसा, प्यार और दोस्ती दिखाने वाला एक एलिमेंट है। बैटल ऑफ गलवान को सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान प्रोड्यूस कर रही हैं, और अपूर्व लाखिया इसके डायरेक्टर हैं। यह फिल्म बहादुरी, बलिदान और लचीलेपन का एक साहसी चित्रण करने का वादा करती है। फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी एक अहम भूमिका निभा रही हैं।

## क्यों महिलाएं देसी घी खाकर पुरुषों पर बरसाती हैं लाठियां?

बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली का एक अनोखा रहस्य नंदगांव से भेजे जाने वाले देसी घी से जुड़ा है, जिसे खाकर महिलाएं पुरुषों पर पूरी ताकत से लाठियां बरसाती हैं। यह परंपरा राधा-कृष्ण के प्रेम और उनकी लीलाओं का प्रतीक है, जो हर साल फाल्गुन मास में मथुरा में मनाई जाती है।

होली का त्योहार उत्साह और रंगों के लिए जाना जाता है। विश्वभर में ब्रज की होली सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। ब्रज की लट्ठमार होली, फूलों की होली और लड्डुओं की होली काफी फेमस है। बरसाना की लट्ठमार होली उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में मनाई जाने वाली पारंपरिक होली है, यह होली राधा रानी और भगवान कृष्ण के प्रेम और उनकी लीलाओं पर आधारित है। और यह

# बरसाना की लट्ठमार होली का अनोखा रहस्य



होली का गाना सबको जरुर पसंद आएगा।

होरी खेले तो आ जइयो,<br>
बरसाने रसिया<br>
रंग भी लइयो गुलाल भी लइयो,<br>
गोपी भी लइयो संग ग्वाल भी लइयो,<br>
मन मिले तो आ जइयो,<br>
बरसाने रसिया

फाल्गुन मास में बरसाना की रंगीली गली में होने वाले इस उत्सव में नंदगांव के पुरुष (हुरियारे)बरसाना की महिलाओं (हुरियारिनों) पर रंग डालते हैं और बदले में महिलाएं उन्हें हंसी-मजाक में लाठियों (लठा) से पीटती हैं,जिससे पुरुष अपनी ढाल से बचते हैं। बृज में कहते हैं न-

या होरी को का कोऊ जाने<br>
होरी को रस रसिक ही जाने<br>
मन में सदा के लिए अंकित<br>
फाल्गुन में भीगती प्रेम की डोर

गौरतलब है कि बरसाना की लठमार होली विश्वप्रसिद्ध है। बरसाना और नंदगांव के बीच प्रेम में सरोबार ऐसी डोर है जो हर फागुन में रसरगं में भीजती है और अपने भक्तों को उसी प्रेम में भिगोती है। शिवरात्रि के दिन से ही लाडली जी महल से ढप, मृदंग और झांझ की थाप पर ब्रजवासी भक्ति और प्रेम में डूबे हुए नाचते-गाते होली की गुहार लगाने लगते हैं।

होरी है भई होरी है,होरी है भई होरी है<br>
लठामार बरसाना खेलूं राधा रानी से मैं बोलूं<br>
लाया हूं नंद का लाल रसिया होरी में,<br>
सुनले ओ नंद के लाल रसिया होरी में,<br>
लाल गुलाल लगा दूं तोपे, फिर मैं बोलूं सीधे मुंह से<br>
मैं तो मारूं पिचकारी धार रसिया होरी में<br>
नारी बनाई नचाई छोड़िहों

होली खेलने का विशेष आमंत्रण भेजा जाता है

नंदगांव के पुरुषों को बरसाना की महिलाओं द्वारा होली खेलने के लिए न्योता भेजा जाता है। वहीं, टेसू और पलाश के फूलों से बने रंगों से होली खेली जाती है। कहा जाता है कि फागुन में नंदगांव से होरियारों की ओर से बरसाना की होरियारिनों के लिए देसी घी भेजा जाता है जिससे वे ताकत से उन पर लाठी बरसा सकें।



# बरघाट में सरपंच पति का वीडियो वायरल विधायक के खिलाफ अभद्र भाषा के आरोप

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी। बरघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जाम, जनपद पंचायत बरघाट से जुड़ा एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक सरपंच पति द्वारा स्थानीय विधायक के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विकास कार्यों में काम न मिलने को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई।**



हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस संबंध में सरपंच पति से संपर्क करने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर फोन किया गया, किंतु कॉल रिसीव नहीं किया गया। वहीं ग्राम पंचायत सचिव से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उनसे भी संपर्क नहीं हो सका। मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कुछ लोगों ने इसे जनप्रतिनिधियों की गरिमा से जोड़ते हुए कार्रवाई की मांग की है, जबकि अन्य इसे व्यक्तिगत विवाद बता रहे हैं। इसी दौरान गांव के कुछ ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित



न करने की शर्त पर पंचायत से जुड़े अन्य मामलों एवं क थित अनियमितताओं की भी चर्चा की। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। संबंधित तथ्यों की जांच के बाद इन विषयों पर विस्तृत समाचार आगामी अंकों में प्रकाशित किया जाएगा। यदि संबंधित पक्ष द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज कराई जाती है तो पुलिस द्वारा वीडियो की जांच कर विधि अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

### प्राकृतिक गुलाल, गौ-काष्ठ, वनोपज, मिलेट्स उत्पाद एवं हस्तशिल्प की आकर्षक प्रदर्शनी

# सिवनी होली महोत्सव 2026 का शुभारंभ

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी।** जिले में रंगों के पर्व होली को पर्यावरण अनुकूल एवं स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने के उद्देश्य से ह्लसिवनी होली महोत्सव 2026ह्व का शुभारंभ किया गया। महोत्सव में प्राकृतिक गुलाल, गौ-काष्ठ से निर्मित सामग्री, वनोपज आधारित उत्पाद, मिलेट्स से तैयार खाद्य सामग्री तथा स्थानीय हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं विक्रय की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर शीतला पटले ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत प्रांगण सिवनी में महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। यह आयोजन 28 फरवरी (शनिवार) एवं 1 मार्च (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर ने विभिन्न स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और महिलाओं द्वारा निर्मित प्राकृतिक गुलाल, गौ-काष्ठ, वनोपज, मिलेट्स उत्पाद, हस्तशिल्प एवं अन्य स्थानीय सामग्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादों के संवर्धन तथा पर्यावरण-अनुकूल होली के संदेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे आगामी होली पर्व के लिए आवश्यक सामग्री महोत्सव से ही क्रय करें, जिससे स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिले और ह्लोकल फॉर वोकलह्व अभियान को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।





### एनएच-44 पर सिमरिया मरझोर ब्रिज के पास भीषण हादसा

# डंपर और फॉर्च्यूनर की टक्कर में युवक की मौत, 6 घायल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नागपुर मार्ग पर लगभग 5 किलोमीटर दूर लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया मरझोर ब्रिज के पास ईंट से भरे डंपर ने ओवरटेक के दौरान फॉर्च्यूनर कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज से सिवनी की ओर आ रहे ईंट से भरे डंपर क्रमांक MP-22-G-3164 ने ओवरटेक करते समय फॉर्च्यूनर कार क्रमांक MP-13-CB-0222 को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। वहीं ओवरलोड बताया जा रहा डंपर भी अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा।

#### घायलों को पहुंचाया गया जिला अस्पताल

हादसे में डंपर में सवार मजदूरों तथा कार में सवार महिला एवं चालक सहित कुल 6 लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

#### मृतक व घायलों की पहचान

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान संदीप पिता



जसपाल मर्सकोले (20 वर्ष) निवासी ताखला, थाना बरघाट के रूप में हुई है। घायलों में नरेन्द्र पिता खुदेश मर्सकोले (25 वर्ष), प्रिंस पिता धरम सिंह (18 वर्ष), राजा पिता खुमान उईके (22 वर्ष), करन पिता सुरेश मर्सकोले (23 वर्ष) एवं विशाल पिता सुरेश मर्सकोले (18 वर्ष), सभी निवासी ग्राम ताखला, थाना बरघाट शामिल हैं।

#### पुलिस और हाईवे टीम ने संभाली स्थिति

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सी.के. सिरामे घटनास्थल पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन 1033 पर भी सूचना दी गई, हालांकि एंबुलेंस लगभग 30 मिनट बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



### बुलेट की गरज नहीं, नियमों की आवाज जरूरी

# तेज साइलेंसर वाली बुलेट पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

दैनिक रेवांचल टाइम्स – देर रात तेज एवं मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक और बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशानुसार जिले में तेज आवाज वाले एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 26 फरवरी 2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा छोटी मस्जिद चौक क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक अढ12ठ7091 को तेज आवाज में साइलेंसर का उपयोग करते हुए पाया गया। वाहन को थाना लाकर खड़ा कराया गया तथा चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 198, 119/190(2) एवं 51/177 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा कुल 2500 रुपये का समन शुल्क वसूल कर चालक को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

#### अभियान जारी रहेगा

पुलिस का कहना है कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले एवं मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी सतत कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अनावश्यक रूप से ध्वनि प्रदूषण न फैलाएं। इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, आरक्षक विनय सेंगर, संतोष साहू एवं राजेन्द्र राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

# सक्षम कार्यक्रम के तहत कुरई में कम्युनिटी यूथ लीडर्स सम्मानित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी। सक्षम कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत कुरई में कम्युनिटी यूथ लीडर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर (अनुविभागीय अधिकारी) कुरई प्रशांत उइके ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे यूथ लीडर्स को सम्मानित किया।**



इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम के ब्लॉक नोडल अधिकारी श्याम सिंह इनवाती एवं ब्लॉक प्रबंधक नेत्रपाल कटरे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कुल 15 कम्युनिटी यूथ लीडर्स को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित यूथ लीडर्स द्वारा शासकीय विद्यालयों में समर कैंप एवं विंटर कैंप का सफल आयोजन कराया गया। साथ ही स्कूल चलो अभियान, स्टडी कॉर्नर एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और रुचि में वृद्धि हुई है। अपने संबोधन में प्रशांत उइके ने यूथ लीडर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को नई दिशा मिलती है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित यूथ लीडर्स को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# पुष्य नक्षत्र पर आयुष विभाग का विशेष शिविर, 103 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से संचालनालय आयुष भोपाल, मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में तथा कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में शनिवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयुष विंग सिवनी में निःशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डॉ. निधि खेमुका द्वारा कुल 103 बच्चों को स्वर्णप्राशन संस्कार कराया गया। शिविर के दौरान डॉ. वंदना रजक, सुनील एडे, सीमा धुर्वे, प्रीति अगासे सहित आयुष विभाग के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। आयुर्वेद के अनुसार स्वर्णप्राशन एक महत्वपूर्ण संस्कार माना जाता है। इसमें विशेष औषधि 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को दी जाती है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होने के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास में लाभ मिलता है। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी ने किया शिक्षा मंत्री का सम्मान






**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी द्वारा आज प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के सिवनी आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मंत्री महोदय को फलों से तौलकर विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला, जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक एवं जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा द्वारा मंत्री महोदय का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंत्री महोदय को फलों से सजी तुला पर बैठाकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने यह कार्यक्रम उन शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान की पात्रता प्रदान किए जाने के निर्णय के उपलक्ष्य में आयोजित किया, जिन्होंने 1 जुलाई 2023 एवं उसके पश्चात 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण की हैं। जिला शाखा सिवनी द्वारा इस निर्णय के लिए मंत्री महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक, प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रभारी विजय शुक्ला, संगठन मंत्री अनिल शर्मा, जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी एवं कोषाध्यक्ष पटले द्वारा मंत्री महोदय से अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं चतुर्थ समयमान वेतनमान के शीघ्र आदेश प्रसारित करने के संबंध में चर्चा की गई। मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया कि इस विषय में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन सदैव मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के साथ है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौड़ एवं महामंत्री राकेश गुप्ता के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिसके तहत उच्च श्रेणी शिक्षक, सहायक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं पदोन्नत शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन सहित मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं लगभग 100 से 150 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कुरई शाखा से मनोज कश्यप, छपारा से अजय यादव, संगठन मंत्री विनोद त्रिवेदी, उमेश यूके, पूजा पांडे, टीवी शिव, सचिन जैन, रघुनाथ चौकसे, ब्रह्मांड राय, अजय नेमा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी शिव सिंह कमरे भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

# विज्ञान सप्ताह में उभरीं विज्ञान की नायिकाएं छात्राओं ने दिखाया शोध और नवाचार का उत्साह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम ह्लविज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत को उत्प्रेरित करनाह्व के अंतर्गत 23 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक विज्ञान सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. कल्पना इंगले तथा विज्ञान दिवस प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी के नेतृत्व में किया गया। षष्ठम दिवस पर प्राचार्य ने समस्त प्राध्यापकों, छात्राओं एवं स्टॉफ को शुभकामनाएँ देते हुए विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शाइस्ता कुरेशी, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए मदर टेरेसा, कल्पना चावला, डॉ. कल्पना कालाहस्ती (चंद्रयान-3 में योगदान), निगार शाजी (आदित्य-एल1 सूर्य मिशन की प्रोजेक्ट डायरेक्टर) तथा डॉ. कमला सोहोनी (विज्ञान में प्रथम भारतीय महिला पीएचडी) जैसी



प्रेरणादायक हस्तियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इसरो, सीएसआईआर, डीआरडीओ सहित विभिन्न अनुसंधान संस्थानों में महिलाएं उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही हैं। विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें ह्लविज्ञान में महिला उत्प्रेरकह्व विषय को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कई छात्राओं ने सी.वी. रमन की जीवनी पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन के दौरान प्राध्यापकों एवं छात्राओं के बीच अनुसंधान और नवीन शोध कार्यों में महिलाओं की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ओमप्रकाश सरवैया, प्रो. नरेन्द्र कुमार भीमटे, प्रो. पंकज शेन्डे, प्रो. लक्ष्मी मेश्राम, प्रो. अल्का उइके, प्रो. हर्षा बघेल, डॉ. अनिता भट्ट, डॉ. डिम्पल डहेरिया, डॉ. सुषमा तिवारी, डॉ. अर्पणा अवस्थी, डॉ. समिता शर्मा, डॉ. अनीता बुरडे, डॉ. मी. राशिद खान सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ का सहयोग रहा। महाविद्यालय की छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से विज्ञान सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर नवनीत सिंह का स्वागत

छपारा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष मीना बिसेन द्वारा जिला भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें कर्मठ एवं निष्ठावान नेता नवनीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में छपारा मंडल के पदाधिकारियों ने नवनीत सिंह के निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत कार्यक्रम के बाद नवनीत सिंह भाजपा पदाधिकारियों के साथ पूर्व सांसद एवं विधायक नीता पटेरिया के निवास पहुंचे, जहां उनका पुनः शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान किया गया। इस दौरान नवनीत सिंह ने भी नीता पटेरिया को पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह एवं भाजपा पदाधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निवास पर पहुंचे और उनसे मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर **सिवनी** में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
**डॉ. हेमलता चांचरिया**
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे **बुधवार**
सुबह 11 बजे से 2 बजे तक



**दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज**
- कील मुहांसे का सफलतम ईलाज
- चेहरे का सांवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
- तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
- चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
- सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
- काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
- एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
- चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा

**रेवा फार्मेसी**
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने निरंतर हो रहे हैं कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की बड़ी पहल- किशोरियों को मिलेगी निःशुल्क वैक्सीन**

### मध्यप्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 8 लाख किशोरियों को मिलेगा लाभ

### राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध

### प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली से वर्चुअली हुए शामिल



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। भारत बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है, एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी संकल्प का हिस्सा है। मध्यप्रदेश में बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत म.प्र. सरकार ने लगभग 8 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए केंद्र से 7 लाख 58 हजार 500 से अधिक वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुके हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को लगाया जाएगा। उन्हें वैक्सीन की केवल एक डोज दी जाएगी। बाजार में लगभग 4 हजार रुपये कीमत वाला यह टीका चिन्हित शासकीय संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, अभियान अगले तीन माह तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान आरंभ करने के लिए प्रदेशवासी उनके आभारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इससे बचाव के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से राज्य में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाने और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत ह्लमिशन मधुहारीह्व की शुरूआत की जा रही है, जिसके अंतर्गत टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लीनिक संचालित होंगे, जहाँ इंसुलिन जाँच और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा।

**सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्यप्रदेश और स्वस्थ, आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्पः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल** : मध्यप्रदेश में डॉ. कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि "आज का दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिसकी प्रिवेलेंस दर लगभग 1 लाख में 156 है। एचपीवी वैक्सीनेशन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीमारी होने के बाद इलाज करने से बेहतर है कि हम उसे होने ही न दें। यह अभियान प्रिवेंशन केयर की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्यप्रदेश और स्वस्थ, आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में निरोगी काया अभियान, सिकल सेल उन्मूलन मिशन, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वस्थ यकृत मिशन सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य कार्यकताओं के समर्पण, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की सक्रिय सहभागिता और नागरिकों की जागरूकता से हम निःसंदेह अभियान के लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की सतत देखभाल और मानकों में सुधार के लिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच अहम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हब एंड स्पोक मॉडल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 85 प्रकार की जांचें उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण हेतु टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श उपलब्ध होगा और अनावश्यक रेफरल में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेशवासियों को हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों।

**प्रदेश के 16 जिलों में मिशन मधुहारी का किया शुभारंभ** : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने "मिशन मधुहारी" का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए आदर्श जीवनशैली, संतुलित आहार और समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। यह पहल टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के समग्र उपचार एवं देखभाल के लिए प्रारंभ की गई है। टाइप-1 मधुमेह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण नहीं होता और आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है। मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक विशेष टाइप-1 डायबिटीज क्लिनिक प्रारंभ किए जा रहे हैं, जहां इंसुलिन की सतत उपलब्धता, ब्लड ग्लूकोज जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं नियमित फॉलो-अप की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। इस अवसर पर 5 बेटियों को टी1डी (टाइप-1 डायबिटीज) जांच किट का वितरण भी किया गया। इन किटों में ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि बच्चे समय पर शुगर की जांच कर सकें और बीमारी को नियंत्रित रख सकें। दो संभागों के 16 जिलों में 759 किशोर-किशोरियों को किट निःशुल्क प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास के साथ स्वास्थ्य अमले के हितों को संरक्षित करने और मैनपावर सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चिकित्सकों एवं प्रोफेसरों के एनपीए (नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस) स्वीकृति और सुपरस्पेशियलिटी अस्पतालों में आयुष्मान इंसेंटिव की के शीघ्र भुगतान की व्यवस्था का उल्लेख किया। विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री अशोक बर्नवाल, आयुक्त श्री धनराजू एस, एमडी एनएचएम डॉ सलोनी सिडाना, संचालक आईईसी डॉ रचना दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में टीकाकरण के लिए पात्र किशोरी बालिकाएँ उपस्थित थीं।

### प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे टीकाकरण सत्र

प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। पात्रता के अंतर्गत वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15वां नहीं मनाया है, साथ ही अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। समस्त जिलों के लगभग 471 स्वास्थ्य केन्द्रों (चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि) पर टीकाकरण किया जायेगा। आगामी 90 दिवसों (मार्च, अप्रैल एवं मई 2025) तक चलाकर, पात्र किशोरियों को ल्ढश वैक्सीन का टीका निःशुल्क लगाया जायेगा। टीकाकरण प्रशिक्षित टीकाकर्मियों एवं मेडिकल ऑफिसर की निगरानी में किया जायेगा। टीकाकरण हेतु सभी पात्र किशोरी बालिकाओं को यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण किया जायेगा। यह प्रक्रिया हितग्राही अपने पहचान-पत्र तथा अभिभावक के मोबाईल नंबर से स्वयं भी पूर्ण कर सकते हैं। प्रदेश में कन्ट्रोल कमाण्ड रूम स्थापित कर, हेल्पलाईन नंबर 104 जारी किया गया है। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र पर अवलोकन में रखा जाएगा। टीकाकरण से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बालिका खाली पेट न हो। संभावित हल्के दुष्प्रभाव जैसे इंजेक्शन स्थल पर दर्द, सिरदर्द या थकान सामान्य हैं और शीघ्र ठीक हो जाते हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री अशोक बर्णवाल, आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले सीएम

**राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों पर हुई चर्चा, अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलेंगे**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने ही नेताओं के बीच राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों को लेकर चर्चा हुई है। शाह के बाद मुख्यमंत्री कुछ और केंद्रीय मंत्रियों और संगठन नेताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के दौरान अलग-अलग विभागों से संबंधित बजट की राशि जारी करने की मांग भी करेंगे। चालू वित्त वर्ष के खत्म होने में



अब एक महीने का ही समय बचा है। ऐसे में बजट की जो भी राशि बची है उसे 31 मार्च के पहले राज्य सरकार को देने के लिए अनुरोध किया जाएगा। राज्य सरकार को चालू वित्त वर्ष में केंद्र से 44000 करोड रुपए से अधिक की राशि मिलना है लेकिन जनवरी तक की रिपोर्ट के अनुसार 9.50 हजार करोड़ रुपए ही राज्य सरकार को मिल पाए हैं ऐसे में बकाया राशि के लिए मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्रियों से आग्रह करेंगे इसके बाद मार्च में संबंधित विभागों के मंत्री और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी भी दिल्ली में संबंधित विभागों के मंत्री और अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं

## भोपाल धर्मांतरण-रेप कांड में ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा

# पब-लाउंज तक सप्लाई; सगी बहनों पर लड़कियां फंसाकर रईसजादों तक पहुंचाने के आरोप



भोपाल। भोपाल के धर्मांतरण और रेप कांड की जांच में अब ड्रग्स नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं। पुलिस के मुताबिक, सगी बहनों आफरीन और अमरीन पर गरीब लड़कियों को मदद और हाई-प्रोफाइल लाइफ का झांसा देकर गिरोह में शामिल करने, उन्हें रईसजादों की पार्टियों तक पहुंचाने और पब-लाउंज में कोड वर्ड के जरिए ड्रग्स सप्लाई कराने के आरोप हैं। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। जांच में ये भी पता चला कि आफरीन और अमरीन चार साल पहले अब्बास नगर की झुग्गी बस्ती छोड़ चुकी थीं। इसके बाद भी स्थानीय रहवासी उनकी करतूतों से परेशान थे। अब्बास नगर में रहने वाले पड़ोसी ताज मोहम्मद ने बताया कि दोनों बहनें देर रात युवक और युवतियों को लेकर आती थीं। यहां पार्टी के नाम पर हुड़दंग करती थीं। मोहल्ले वाले विरोध करते तो रेप के झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी देती थीं। ताज का कहना है कि 2006 में दोनों बहनें पिता और मां के साथ मोहल्ले में रहने आई थीं। पिता की मौत के बाद उनके घर बड़ी संख्या में अनजान युवक और युवतियां आने लगे। चार साल पहले दोनों बहनें फतेहगढ़ में रहने चली गईं। कुछ समय बाद भाई बिलाल भी चला गया और मां ने दूसरा निकाह कर लिया।

**पब और लाउंज में लड़कियों से कराती थीं ड्रग डिलीवरी** : आफरीन और अमरीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाली दोनों युवतियां शुक्रवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचीं। उन्होंने बताया कि दोनों बहनें ड्रग तस्करी का काम करती हैं। चंदन सहित कई अन्य लोग उनके इस धंधे में शामिल हैं। ड्रग की डिलीवरी भी लड़कियों से कराई जाती है। ग्राहकों को खास कोड वर्ड देकर डिलीवरी दी जाती थी। शहर के नामचीन पब और लाउंज में ड्रग को शर्ट कहा जाता था, वहीं पीड़िताओं के इस खुलासे के बाद पुलिस ने एमडी ड्रग तस्करी के नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस अमरीन और चंदन से ड्रग तस्करी के संबंध में भी पूछताछ करेगी।

**फ्लैट की सर्चिंग में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिले** : बागसेवनिया पुलिस ने अमरीन के फ्लैट से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। इसमें दो मोबाइल फोन हैं। इसके साथ अहमदाबाद में भी पुलिस ने उस स्पॉट का वेरिफिकेशन किया, जहां दोनों पीड़िता का रेप कराया गया। बागसेवनिया पुलिस यासिर की तलाश में अहमदाबाद में दबिश दे रही है। पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी चंदन और अमरीन पुलिस टीम के साथ ही हैं।

**पहले मदद करतीं, फिर रईसजादों के सामने परोस देतीं** : अमरीन और आफरीन ने पुलिस को बताया कि वे गरीब घरों की लड़कियों को टारगेट करती थीं। पहले मदद के नाम पर घरेलू काम के लिए रखतीं। फिर हाई प्रोफाइल लाइफ स्टाइल का सपना दिखाकर बड़ी पार्टियों में ले जातीं। वहां उन्हें रईसजादों के आगे परोस दिया करती थीं। चार साल पहले मिसरोद में अमरीन एक स्पा संचालक के संपर्क में आई और स्पा में जॉब करने लगी।

### मिसरोद के स्पा में हुई चंदन से मुलाकात

स्पा में ही जॉब के दौरान उसकी रायसेन के रहने वाले चंदन से मुलाकात हुई। बाद में दोनों ने मिलकर सेक्स रैकेट का संचालन शुरू किया। इस दौरान अमरीन ने अपनी कट्टर शिया विचारधारा का प्रचार कर अपने गिरोह की युवतियों को मुस्लिम बनने के लिए ब्रेनवॉश किया। चंदन का भी धर्मांतरण कराया।

### शराब और ड्रग्स लेने के लिए दबाव डालती थीं

पीड़िताओं ने एफआईआर में बताया है कि चंदन यादव सागर रॉयल विला में अमरीन-आफरीन के साथ रहता है। दोनों बहनों के संपर्क में आने के बाद इस्लाम अपना चुका है। अमरीन और आफरीन दोनों पीड़िताओं को गुजरात और मुंबई ले गई थीं। वहां भी उन्होंने अनजान लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। वे शराब पीने और एमडी ड्रग्स लेने के लिए भी दबाव डालती थीं।

# उमंग और सामाजिक स्नेह का जीवंत महोत्सव है भगोरिया पर्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**पारंपरिक वेषभूषा, आभूषण और मांदल की थाप में रचा-बसा भगोरिया उत्सव**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फाल्गुन मास के रंगों, मांदल की थाप और जीवन-प्रेम की उमंग से सराबोर भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, सामाजिक स्नेह और परंपरागत जीवन मूल्यों का जीवंत उत्सव है। इसको प्रत्यक्ष रूप से भगोरिया पर्व में शामिल होकर जिया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर के उदयगढ़ भगोरिया पर्व स्थल पर पारंपरिक लोकधुनों, नृत्य और उल्लासपूर्ण वातावरण ने सम्पूर्ण क्षेत्र को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विरासत को विकास की राह पर ले जाने के संकल्प के साथ इस उल्लासमय पर्व को गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया। यह आयोजन जनजातीय संस्कृति की सशक्त पहचान और राज्य सरकार की संवेदनशील सोच को प्रतिबिंबित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय समाज एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री जनजातीय संस्कृति के प्रतीक तीर कमान भेंट



किया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। मंत्री श्री द्वारा मंच से सभी को राष्ट्रीय पर्व भगोरिया की शुभकामनाएं दी। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह ने कहा कि आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में आयोजित स्थानीय भगोरिया पर्व में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सहभागिता से उत्सव का उल्लास और अधिक बढ़ गया। भगोरिया उत्सव में जनजातीय युवक-युवतियां रंग-बिरंगी पारंपरिक वेषभूषा में सजे-धजे दिखाई दिए। पुरुष वर्ग पारंपरिक धोती, अंगोछा एवं साफा धारण किए हुए थे, जबकि महिलाएं कांचली, घाघरा, ओढ़नी तथा पारंपरिक कढ़ाईयुक्त परिधानों में सुसज्जित रहीं। चांदी के हार, हांसली, कड़े, पायल, बिछिया एवं अन्य पारंपरिक आभूषणों की झंकार ने पर्व को भव्यता प्रदान की। मांदल, ढोल एवं अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर कुर्ता कुर्राटियों के साथ लोकनृत्य करते जनजातीय समाज, सामूहिक उल्लास और आपसी मेल-जोल ने भगोरिया के माहौल को जीवंत एवं स्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, पूर्व विधायक श्री माधोसिंह डावर, विशाल रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, संभागायुक्त इंदौर डॉ सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारीगण, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग उपस्थित रहे। सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्सव, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण व्याप्त रहा।


### भोपाल में अज्ञात कार ने नर्सिंग छात्र को कुचला

भोपाल। राजधानी के बैरागढ़ इलाके में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में 24 वर्षीय नर्सिंग छात्र की मौत हो गई। अज्ञात कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने शनिवार तड़के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान आकाशदीप पुत्र सुनील कुमार दीप (24) के रूप में हुई है। वह एक निजी कॉलेज से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था और भैंसाखेड़ी खजूरी सड़क क्षेत्र में रहता था। जानकारी के अनुसार आकाशदीप शुक्रवार देर रात अपना निजी काम निपटाकर घर लौट रहा था। चंचल चौराहा पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान उसने एक कट पॉइंट पार किया, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल आकाशदीप को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार तड़के उसकी मौत हो गई।

# नेशनल हाईवे 44 पर पेंच वर्क से हो रही परेशानी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले से गुजरने वाली नेशनल हाईवे 44 पर जगह - जगह निर्माण कार्य किया जहा रहा है जिस कारण से फोर लाइन को 1 लाइन में परिवर्तित किया गया है। जिससे आवागमन मे परेशानी का सामना वाहन चालकों को करना पड़ रहा है। सिंगल रोड मे रात्रि के समय मे सामने से आ रहे वाहनों की लाइट के कारण वाहन चलाने मे परेशानी उत्पन्न होती है। जिस ओर जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। यात्रियों की इस परेशानी को जिला प्रशासन द्वारा भी नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की समय समय पर जांच कर निर्धारित समय सीमा पर निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए जिससे लोगों को परेशानी ना हो।

## जिम्मेदारों की मनमानी का दंश झेल रही जनता




### जिले में 80 किलोमीटर की है लंबाई

जिले में सुधार कार्य की कमी के कारण लंबे समय से खस्ताहाल नरसिंहपुर-सागर हाईवे क्रमांक 44 पर डामरीकरण का कार्य चल रहा है। जिले में हाइवे की लंबाई करीब 80 किमी है। जिस पर यह कार्य बीते साल ही हो जाना था लेकिन कार्य पिछड़ा रहा और अब जाकर किया जा रहा है लेकिन इस दौरान मनमाने ढंग से फोरलेन पर वाहनों की आवाजाही का रूट बदले जाने से वाहन चालकों को दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है। कार्य के दौरान डामरीकरण वाले रूट पर संकेतबोर्ड, दिशासूचक बोर्ड की कमी भी बनी है। जिससे कई बार वाहन चालक उसी रूट पर वाहन ले जाते हैं जहां पर कार्य चल रहा है और उन्हें फिर वाहन वापिस लेकर आना पड़ता है। हाइवे पर कई जगह कट प्वाइंट दूर होने से वाहन चालकों को सुरक्षित अपने रूट पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

### थिगड़े से बना रहता है भय

जिले में खापा-मुंगवानी से लेकर झिराघाटी तक हाइवे की हालत जगह-जगह खराब है। कई जगह गड्ढे बने हैं और जिन गड्ढों को भरने का कार्य किया गया है उन पर थिगड़े इतने ऊपर हैं कि वाहन निकलते समय डर रहता है कि अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त न हो जाए। जिले में हाइवे पर ही व्हीकल अंडरपाथ का कार्य भी चल रहा है जिससे भी कई जगह वाहन चालकों के लिए जोखिमपूर्ण स्थिति बनी है। जो ब्रिज तैयार हो गए हैं उनके दोनों तरफ संकेत बोर्ड नहीं है। ब्रिज के नीचे से निकलने के दौरान वाहन चालकों को डर रहता है कि कहीं सामने से आने वाले किसी वाहन या राहगीर से टक्कर न हो जाए। खास यह है कि हाईवे पर चल रहे कार्य के संबंध में एनएचएआइ के जिम्मेदार अधिकारी कोई भी सूचना-जानकारी देने से भी बच रहे हैं। बताया जाता है कि डामरीकरण का जो कार्य अब जाकर हो रहा है वह दो साल पूर्व हो जाना था लेकिन कार्य पिछड़ता रहा। बीते साल कुछ हिस्सों में जहां कार्य किया गया वहां का डामर बारिश में ही धुल गया था। जिसके बाद फिर से सुधार कार्य कराया गया।

### कई जगह क्षतिग्रस्त है डिवाइडर

नेशलन हाइवे पर कई जगह डिवाइडर भी टूटे पड़े हैं। नरसिंहपुर से लगे कपूरी तिराहा के पास कुछ साल पूर्व पुलिया बनाने के लिए कार्य शुरू हुआ था। उस दौरान वाहनों का रूट बदलने डिवाइडर तोड़ा गया लेकिन अब तक इसका सुधार नहीं किया गया है। इसी तरह हाइवे के अन्य हिस्सों में डिवाइडर की हालत खराब है। कई जगह तो कुछ महिनों पहले ही लगाईं गईं जालियां, रैलिंग भी खराब होने लगी है। जिससे आबादी क्षेत्र में हाइवे पर मवेशियों की मौजूदगी नहीं रूक रही है। जो नए ब्रिज तैयार हुए हैं उनके ऊपर भी डामर धसकने से गड्ढे दिखने लगे हैं। हाइवे प्रशासन के जिम्मेदा अधिकारियों की मनमानी का दंश आम जनता को भोगना पड़ रहा है। प्रशासन को चाहिए की निगरानी कर समय सीमा मे निर्माण कार्य पूरा कराया जाए जिससे दुर्घटनाओं मे कमी आ सके।

# स्कूलो में रंगाई पुताई के नाम पर हुए फर्जीवाड़े पर गुढ़ प्राचार्य और एपीसी पर गिरी गाज

## मामले को समाजसेवी कमल सिंह बघेल ने किया था उजागर






आयुक्त रीवा संभाग ने किया निलंबित, अभी जिला शिक्षा अधिकारी सहित 4 है बाकी।

दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। जिले में भ्रस्टाचार कम होने का नाम नही ले रहा है जिस विभाग में देखो कई बर्षो से एक ही जगह कुंडली मार बैठे अधिकारी कर्मचारी जमकर भ्रष्टाचार कर रहे है।

यदि उच्च अधिकारियो द्वारा पूरे जिले के जांच की जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। इसी तरह का मामला जिले के गुढ़ तहसील में संचालित पीएमश्री स्कूल से भ्रष्टाचार करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत समाजसेवी कमल सिंह बघेल के द्वारा की गई थी। जिसमे संभागायुक्त रीवा बीएस जामोद ने गुढ़ पीएमश्री स्कूल गुढ़ के प्राचार्य विनय मिश्रा और एपीसी सुधाकर तिवारी को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में समाजसेवी कमल सिंह बघेल ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले में गाज गिरनी शुरू हो गयी है पूरा मामला रंगाई और पुताई का था जो बिना कार्य किये ही शा.उ.मा.वि. गुढ़ प्राचार्य और एपीसी के मिलीभगत से ठेकेदार सत्यव्रत तिवारी ग्राम देवरा पोस्ट खटखरी जिला मऊगंज को निर्माण/मरम्मत पुताई तथा अन्य कार्य के नाम पर ठेकेदार के खाते में पैसा का भुगतान कर दिया गया जाँच दल द्वारा कार्य के स्थल परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि ठेकेदार को जितना भुगतान किया गया है, उस अनुपात में कार्य नही कराया गया है। श्री मिश्र द्वारा शासन निदेशों के अनुरूप एवं भण्डार क्रय नियम 2015 यथा संशोधित नियम 2022 प्रक्रिया का पालन किये बिना कार्य पूर्ण न होने पर भी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया गया तथा देयक का सत्यापन कर राशि का भुगतान ठेकेदार को कराया गया।

अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्ताव के अनुक्रम में विनय मिश्रा को कार्यालयीन पत्र क्र 104 दिनांक 12.02.2026 द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिसका परीक्षण कराया गया, जिसमें पाया गया कि विद्यालय में केवल पुताई का कार्य कराया गया था, लेकिन प्राचार्य द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया गया तथा देयक का सत्यापन कर 5.00 लाख के भुगतान की अनुशंसा की गई। जिस आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रीवा से भुगतान हुआ। उक्त कृत्य गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं शासकीय धनराशि के गबन की श्रेणी में आता है, जो म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

इसी तरह से जांच प्रतिवेदन अनुसार कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रीवा में अनुरक्षण संबंधी कार्यों के भुगतान की नस्ती के रख-रखाव एवं प्रस्तुतीकरण का दायित्व सुधाकर तिवारी, प्रभारी एपीसी का था। जो शासकीय नियम / निदेशों के प्रतिकूल कार्य करते हुए दस्तावेजों का परीक्षण किये बिना नस्ती तैयार कर भुगतान हेतु प्रस्तुत की गई। प्राचार्य शा.उ. मा.वि. पैपखरा जिला-रीवा, प्राचार्य हाई स्कूल खटखरी एवं प्राचार्य शा. हाई स्कूल बढैया जिला मउगंज द्वारा किये गये कथन अनुसार उन्होनें न' तो अनुरक्षण हेतु किसी प्रकार की मांग की, न ही बजट प्राप्त होने की जानकारी हुई और न ही देयक में हस्ताक्षर किये गये। इस प्रकार कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नस्ती भुगतान हेतु प्रस्तुत करने एवं भुगतान में अनियमितता करने संबंध में संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा द्वारा श्री तिवारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई। जिसकी शिकायत कमल सिंह के द्वारा संभागायुक्त रीवा से की गई थी इस कार्रवाई के बाद पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। उन्होंने बताया कि अभी डीइओ सहित 4 दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रचलन में है जल्द ही उन पर भी गाज गिरेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के तहत की जाएगी कार्यवाही।

## गेहूं पंजीयन केन्द्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त

दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर। राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए केन्द्रवार किसान पंजीयन के पर्यवेक्षण के लिए नोडल टीम का गठन करने का प्रावधान किया गया है। उक्त नोडल टीम में कृषि, सहकारिता, खाद्य, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल करते हुए प्रत्येक पंजीयन केन्द्र में एक- एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाना है। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने जिले में निर्धारित गेहूं पंजीयन केन्द्रों में नोडल अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि उक्त अधिकारी- कर्मचारी आवंटित पंजीयन केन्द्रों का सतत निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करेंगे। साथ ही नियमानुसार समय सीमा में पंजीयन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।




## प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

पन्ना, रेवांचल टाईम्स। उच्च न्यायालय एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शरत चन्द्र सक्सेना ने गत गुरूवार को जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जेल पाकशाला में भोजन व्यवस्था व अनाज की गुणवत्ता देखी। इसके उपरांत पुरूष एवं महिला बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष, कियोस्क, भेंट एवं उद्यमिता कक्ष इत्यादि का अवलोकन कर स्वच्छता एवं हाईजीन संबंधी जानकारी ली। जेल किचन में रोटी भट्टी के पुर्ननिर्माण के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ बंदियों द्वारा नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए न्यायालयों में पेशी न कराए जाने संबंधी जानकारी दी गई। इस पर जेल प्रशासन को सभी बंदियों की व्हीसी के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर उनकी समस्याओं व प्रकरणों की जानकारी ली गई तथा बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं के निदान के लिए जेल प्रशासन व लीगल एड डिफेंस कांउसिल को निर्देशित किया गया। उचित मामलों में न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में सुधार के लिए जेल प्रशासन को दिशा निर्देश दिए गए। यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत एवं रिहाई के संबंध में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ एवं वरिष्ठ जेल प्रहरी रामपाल कुशवाहा सहित समस्त जेल कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# शासकीय हाई स्कूल मुराछ के विद्यार्थियों का पॉलिटेक्निक कॉलेज पवई में शैक्षणिक भ्रमण

### करियर काउंसलिंग के तहत विभिन्न लैबों का किया अवलोकन, विद्यार्थियों में जागी व्यवसायिक शिक्षा के प्रति रुचि



**रेवांचल टाइम्स संवाददाता उमाकांत त्रिपाठी पन्ना पवई।** शासकीय हाई स्कूल मुराछ के प्राचार्य रामसेवक सिंह के आवेदन पर विचार करते हुए शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पवई के प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार त्रिपाठी जी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में दिनांक 27 फरवरी 2026, शुक्रवार को कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं का करियर काउंसलिंग के अंतर्गत महाविद्यालय भ्रमण कराया गया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं – सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, फिटर आदि लैब का अवलोकन किया। विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा के महत्व, रोजगार के अवसरों तथा भविष्य में करियर निर्माण के विविध आयामों की विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ महाविद्यालय का भ्रमण किया तथा प्रयोगशालाओं में संचालित गतिविधियों को समझा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ सभी विद्यार्थी अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान कर गए। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक एवं उपयोगी पहल साबित हुआ।

## भाजपा मंत्री हरदीप सिंह पूरी का नाम एपस्टीन फाइल में आने पर महिला कांग्रेस पुतला दहनः की गई स्तीफे की मांग



दैनिक रेवांछल टाइम्स रीवा। एपस्टीन फाइल में कई भाजपा नेताओं के नाम आने से देश विदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है जिसे लेकर विपक्ष उनके स्तीफे की लागतार मांग कर रहा है लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नही रेंग रही है। इसी कड़ी में रीवा में महिला कांग्रेस नेत्री प्रदेश सचिव विजयलक्ष्मी मिश्रा ने कई कांग्रेस महिला पदाधिकारियों और कार्यकताओं के उपस्थति में भाजपा मुदार्बाद के नारों के साथ भाजपा मंत्री हरदीप सिंह पूरी का पुतला दहन कर उनके स्टीफे की मांग की है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि भाजपा मंत्री हरदीप सिंह पूरी, देश के प्रधानमंत्री सहित कई भाजपा नेताओं का नाम एपस्टीन फाइल मे है प्रधानमंत्री कहते है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, और लाडली बहना का नियम बनाते है उनका नाम आया है युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन किया तो प्रधानमंत्री कहते है कि कांग्रेस पार्टी पहले से नंगी है कपड़े उतारने की क्या जरूरत है। मैं कहती हूँ कि नरेंद्र मोदी शर्म आप को आनी चाहिए, आपके शासन काल ने न जाने कितने बच्चे दूषित पानी पीकर व नकली दवा से मर गए, किसान खाद बीज के लिए लाइन में लगकर तड़प रहे और कई किसान मर गए इस पर आपको शर्म आनी चाहिए। 6 से 8 साल की बच्चिया भी सुरक्षित नही है आज देश मे बेटियों और बहनों का खुलेआम बलात्कार हो रहा है आप किस तरह से शासन चला रहे है यदि इसी तरह से चलता रहा तो आने वाले समय मे घरों में बालात्कार हो जायेगे। आज हरदीप सिंह का पुतला जलाया गया है आगे एक आपका जलाया जाएगा।

## शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा गोटेगांव तहसील के ग्राम बौछार स्थित शमशान घाट की 126/1 शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान संबंधित भूमि को तारबाड़ी कर सुरक्षित किया गया तथा विधिवत कब्जा ग्राम पंचायत को सौंपा गया। इस दौरान तहसीलदार नीरज तखरया, राजस्व एवं पुलिस विभाग का अमला मौजूद था।

## पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल आईजी कार्यालय पहुंचकर मंनगवा थाने के मुंशी के खिलाफ सौपा शिकायती पत्र



दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। पुलिस थाना मंनगवा में लंबे समय से अंगद की तरह पर जमाकर बैठे प्रधान आरक्षक विष्णु दत्त पांडे के खिलाफ पत्रकारों ने आईजी कार्यालय रीवा पहुंचकर आईजी के प्रतिनिधि निरीक्षक को ज्ञापन सोपा है। सौंप गए ज्ञापन में प्रधान आरक्षक विष्णु दत्त पांडे के ऊपर पत्रकार महेंद्र तिवारी ऑडियो वातार्लाप में भाजपा विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के शिकायती पत्र के संबंध में समझौता का दबाव समझौता न करने पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का मामले धमकी दिए जाने का मामला सोशल मीडिया एवं फेसबुक जम कर वायरस हो रहा है।

जबकि इसके पूर्व ज्वेलर्स कांड में मनगवां थाना प्रभारी सहित दो आरक्षको पर कार्यवाही हो चुकी है अभी मामला ठंड भी नहीं हुआ की प्रधान आरक्षक विष्णु दत्त पांडे द्वारा पत्रकार महेंद्र तिवारी के ऊपर दबाव बनाने एवं एसडीओपी का हवाला देकर समझौता करने का ऑडियो वाइरल हो रहा है। इसी मामले को लेकर पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल प्रधान आरक्षक विष्णु दत्त पांडे खिलाफ भाजपा विधायक प्रतिनिधि का पक्ष लेने एवं दोषी के विरुद्ध जांच कर कर कार्यवाही की मांग की गई है। उस दौरान पत्रकार विमलेश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, रोहित पाटिल, दिवाकर तिवारी, राकेश शुक्ला, पुष्पेंद्र गुप्ता, रामजी गुप्ता, राकेश पटेल, अनिल पटेल, शिवरतन नामदेव, डॉक्टर विष्णु देव कुशवाहा, गयाप्रसाद श्रीवास, पुष्पेंद्र सिंह, विकास परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सुरेंद्र कुसुमाकर, अशोक गुप्ता, धनपत चौरसिया, इंद्रभानु उपाध्याय, रहीश अग्निहोत्री, शैलेंद्र जायसवाल, अनिल पटेल, अंबकेश जायसवाल, दिलीप गुप्ता, विकास पांडे, विजय गुप्ता, अतीत गौतम, राकेश गुप्ता, धर्मेंद्र पांडे, अमृतलाल सोनी, अमृतलाल गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, कमलेश पटेल, अनुज प्रताप सिंह, रोहित तिवारी, रंजन नाथ त्रिपाठी, अमृतलाल गुप्ता, संपत दास गुप्ता,राजीव तिवारी ,राजीव शुक्ला मौजूद रहे।\

# महसांव में वृद्धा पेंशन के लिए दर-दर भटक रहे बुजुर्ग, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

### सिस्टम की बेरुखी



दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा। विकास के तमाम दावों के बीच रीवा जिला पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत महसांव से व्यवस्था को शर्मसार करने वाली तस्वीर सामने आ रही है। जहा के दर्जनों लाचार बुजुर्ग अपनी ही पेंशन पाने के लिए उम्र के इस पड़ाव में दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। महीनों से पेंशन रुक जाने के कारण इन बुजुर्गों के सामने दो वक्त की रोटी और दवाई का संकट खड़ा हो गया है, लेकिन प्रशासनिक अमला अब तक केवल आश्वासनों की घुट्टी पिला रहा है।

**ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप**

: स्थानीय बुजुर्गों ने महसांव पंचायत कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत कार्यालय ग्रामीणों के कार्य हेतु कभी समय पर नहीं खोला जाता है अगर कभी खुलता भी है तो इसकी जानकारी ग्राम पंचायत के लोगों तक नहीं पहुंच पाती है जिसकी वजह से अनेकों परेशानी है उत्पन्न हो रही है। पेंशन न मिलने की समस्या पर जब ग्रामीण बैंक महसांव शाखा के शाखा प्रबंधक अधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने तकनीकी कारणों का हवाला दिया। बैंक अधिकारी का कहना है कि "बैंक अपडेटिंग" की प्रक्रिया चलने की वजह से पेंशन वितरण में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि खाता धारकों खाता अपडेट प्रक्रिया के लिए संबंधित कागजात बैंक में जमा कराएं साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही अपडेटिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि इस तकनीकी देरी का खामियाजा ये बेसहारा बुजुर्ग कब तक भुगतेंगे?

**सीईओ का आश्वासन: जल्द होगा केवाईसी का निराकरण**

मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद सीईओ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि महसांव सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों के हितग्राहियों की केवाईसी (ङउ) संबंधी समस्याओं के कारण भुगतान रुका हुआ है। सीईओ ने संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिए हैं कि कैंप लगाकर या विशेष अभियान चलाकर केवाईसी की त्रुटियों को तत्काल सुधारा जाए ताकि बुजुर्गों के खातों में रुकी हुई राशि जल्द पहुंच सके एवं ग्रामीण जनों को तत्काल केवाईसी (ङउ) करने का आग्रह किया है।

**बुजुर्गों का दर्द: "साहब! पैर थक गए, पर पेंशन नहीं आई"**

महसांव के बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार पंचायत कर्मियों से लेकर बैंक तक की चौखट लांघ चुके हैं। हर बार उन्हें 'अगले महीने' का भरोसा दिया जाता है। लाठी के सहारे चलते इन बुजुर्गों का पूछना है कि अगर सरकारी मशीनरी इतनी सुस्त है, तो उनके जीवन का गुजर-बसर कैसे होगा? अब देखना यह होगा कि बैंक और प्रशासन की यह 'जल्द' वाली मोहलत कब खत्म होती है और इन कांपते हाथों को उनका हक कब मिलता है।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

## जीएडी के प्रमुख सचिव और एमपीडब्ल्यूएलसी के प्रबंध निदेशक को नोटिस, 22 हजार पदों का मामला

# हाईकोर्ट ने पूछा-दिव्यांगों के रिक्त पद क्यों नहीं भरे?



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकल पीठ ने दिव्यांगों के रिक्त पदों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला एवं मध्य प्रदेश वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक अनुराग वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि पूर्व आदेश के बावजूद विभिन्न विभागों में दिव्यांगों के रिक्त पद अब तक क्यों नहीं भरे गए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 30 जनवरी 2024 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट की जाए।**

### कोर्ट ने दिए थे पद भरने के निर्देश

दरअसल, नरसिंहपुर निवासी दिव्यांग अभ्यर्थी राजेंद्र मेहरा ने याचिका दायर कर बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में दिव्यांगों के करीब 22 हजार पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इससे पहले भी इस संबंध में याचिका दायर की गई थी, जिस पर कोर्ट ने सरकार को रिक्त पद भरने के निर्देश दिए थे।

### वकील बोले-अफसर अवमानना कर रहे

सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को छह माह की मोहलत दी थी। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि संबंधित अधिकारी जानबूझकर अदालत के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शिवम त्रिपाठी ने इसे अवमानना से जुड़ा मामला बताते हुए कहा कि कोर्ट ने प्रमुख सचिव सहित अन्य अधिकारियों को 15 अप्रैल तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## वेतन भुगतान कि फाइल आगे बढ़ाने मांग रहा था घूस

# नगर निगम का बाबू 3 हजार की रिश्वत लेते ईओडब्ल्यू के शिकंजे में



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर नगर निगम ऑफिस में शनिवार दोपहर सवा दो बजे ईओडब्ल्यू की टीम ने एक निगम कर्मचारी को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। टीम ने निगम कर्मचारी को पकड़कर कार में बैठाया और अपने साथ ले गए। निगम कर्मचारी छुट्टी के पीड़ित को कार्यालय बुलाकर रिश्वत ले रहा था।**

दरअसल नगर निगम में पदस्थ कर्मचारी पी. रामाराव का एक माह का मेडिकल वेतन करीब 25 हजार रुपए मिलना था, जिसके लिए स्थापना शाखा में पदस्थ राकेश शर्मा लगातार शिकायतकर्ता को आफिस के चक्कर कटवा रहे थे। दो दिन पहले पी. रामाराव जब निगम आफिस पहुंचे तो राकेश शर्मा ने कहा कि अभी फ्री नहीं है। इसके बाद दोनों की मुलाकात निगम से बाहर हुई तो तीन हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई, जो रामाराव देने को तैयार नहीं थे। इसके बाद राकेश शर्मा ने साफ शब्दों में कह दिया कि जब तक रुपए नहीं मिलेगें, तब तक काम नहीं होगा। इसके बाद रामाराव ने राकेश शर्मा के खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत की है।

शनिवार को रामाराव ने नगर निगम के सामने बाबू राकेश शर्मा को रिश्वत के रूपए देने के लिए बुलाया था। जैसे ही उसने तीन हजार रुपए दिए, तभी ईओडब्ल्यू ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार शुक्रवार को फोन कर अकाउंटेंट ने साफ तौर पर कहा था कि बिना पैसे दिए मेडिकल स्वीकार नहीं किया जाएगा। रिश्वत देने से इनकार करते हुए टी. रामाराव ने इसकी शिकायत सीधे EOW से की। शिकायत की पुष्टि के बाद एडह टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। शनिवार दोपहर नगर निगम मुख्यालय के सामने पेट्रोल पंप पर जैसे ही आरोपी अकाउंटेंट ने रिश्वत की राशि ली टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। शिकायतकर्ता टी. रामाराव ने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने नगर निगम में पदस्थ मनीष ताड़के के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायत की थी। EOW अब आरोपी अकाउंटेंट से पूछताछ कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## 500 संविदा कर्मियों का वेतन 9 से 21 हजार रुपए हुआ

# नगर निगम में एक दिन में 47 अनुकंपा नियुक्तियां

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर नगर निगम ने एक ही दिन में 47 अनुकंपा नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। संभवतः यह जबलपुर शहर और मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। ये सभी नियुक्तियां शासकीय पदों पर की गई हैं और संबंधित कर्मचारियों की जॉइनिंग 1 मार्च से प्रभावी होगी। नगर निगम प्रशासन के अनुसार, इन नियुक्तियों से पहले 85 अनुकंपा नियुक्तियां दी जा चुकी थीं।**



अब तक कुल 132 से अधिक कर्मचारियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति मिल चुकी है। इसके अतिरिक्त, लगभग 500 से अधिक संविदा कर्मचारियों को भी बड़ी राहत मिली है। उनका मासिक वेतन 9 हजार रुपए से बढ़ाकर सीधे 21 हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है, जिससे कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। प्रशासन ने बताया कि आयुक्त के कार्यभार संभालने के बाद से लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आई है। सभी के सामूहिक प्रयासों से एक ही दिन में 47 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर नियुक्ति आदेश जारी किए गए। महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने घोषणा की कि नगर निगम जल्द ही एक सम्मान समारोह आयोजित करेगा। इसमें नवनियुक्त कर्मचारियों और संविदा कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को आमंत्रित करने की योजना है। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि आने वाले समय में भी लंबित अनुकम्पा नियुक्तियों को इसी गति से पूरा किया जाएगा। प्रशासन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## ललित कलाओं से आय सृजित करने का उपाय करें- कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आज शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर का निरीक्षण कर वहां की ललित कला से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया। साथ ही कहा कि इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनायें गये ललित कला का प्रचार-प्रसार करें, जिससे इन उत्पादों से आय सृजित हो सके। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय की कनिष्ठ निदेशक सुश्री शैलजा सुल्लेरे ने महाविद्यालय की ललित कला की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दौरान जिला पंचायत के मुख्य कायार्पालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोतभी मौजूद थे।

# कृत्रिम अंगों के निःशुल्क वितरण हेतु परीक्षण शिविर 2 मार्च को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरणों के निःशुल्क वितरण हेतु जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे परीक्षण शिविरों के क्रम में सोमवार 2 मार्च को घण्टाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफर्मेशन सेंटर घण्टाघर जबलपुर स्थित गीता भवन में शिविर लगाया जायेगा। प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार लगाये जा रहे इस शिविर में शहर के सभी पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों का भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण केंद्र (एलिम्को) के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया जायेगा। उन्होंने दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों से अधिक से अधिक संख्या में आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## फूड और रिटेल सेक्टर में प्रशिक्षण को दें बढ़ावा- कलेक्टर

**जबलपुर।** जिला स्तरीय स्किल कमेटी की कल सम्पन्न हुई बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले में फूड और रिटेल सेक्टर से सबंधित ट्रेड्स को बढ़ावा देने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित आईटीआई के ट्रेड्स, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, गेस्ट लेक्चरर्स की उपलब्धता, उद्योगों के सहयोग, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, प्लेसमेंट, युवा संगम, उद्योगों से एमओयू आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा भी की। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई इस बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से हिमांशु खरे, लघु उद्योग भारती से गौरव अग्रवाल, संयुक्त संचालक कौशल विकास बी एस पनिका, जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक विनीत रजक, प्राचार्य आईटीआई अर्पित शुक्ला एवं विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में फूड प्रोसेसिंग से संबंधित ट्रेड एवं रिटेल सेक्टर के व्यवसायों को बढ़ाया जाए, ताकि उद्योगों की मांग एवं रोजगार के नए अवसरों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंनेप्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर करने पर बल देते हुये कहा कि गुणवत्ता के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# उज्जैन दर्शन कर जबलपुर लौटते समय नवविवाहिता की मौत:मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप; एसपी ऑफिस में ज्ञापन सौंप जांच की मांग की

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के कटंगी के कैमोरी गांव निवासी नवविवाहिता पूजा की शादी 20 दिन पहले गढ़ा फाटक निवासी निखिल साहू से हुई थी। शादी के बाद पूजा पति और परिजानों के साथ उज्जैन दर्शन के लिए गई थी। वहां से वापस आते वक्त पूजा की बीच रास्ते तबीयत बिगड़ने से मौत हो है। शनिवार को परिजन और समाजजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, नारेबाजी की और हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जबलपुर पुलिस ने जीरो में मामला दर्ज करते हुए जांच के लिए डायरी दमोह भेज दी है। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद पूजा पति व रिश्तेदारों के साथ दर्शन के लिए उज्जैन गई थी। 20 फरवरी को लौटते समय उसकी तबीयत बिगड़ने की बात कहकर पति ने वीडियो भेजा, लेकिन रास्ते में दमोह जिले के तेंदूखेड़ा के पास उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

**हिंदू रीति रिवाज से हुई थी शादी-** प्राइवेट जॉब करने वाले निखिल साहू की पूजा से 6 फरवरी को हिंदू रिति-रिवाज से शादी हुई थी। विवाह के बाद परिवार वालों के साथ उज्जैन जाने का प्लान बना। 15 फरवरी को पूजा और निखिल के साथ नम्रता, ज्योति और नरेश साथ में निकले थे। 20 फरवरी को वापस आते समय आचानक ही पूजा का स्वास्थ्य खराब हो गया। जिसके बाद निखिल ने उसका एक वीडियो बनाया और परिवार वालों को भेजते हुए बताया कि तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद सड़क मार्ग से जब वापस जबलपुर के लिए निकलते है, तो रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### दहेज में 10 लाख मांगे थे, 4 दिए

पूजा के परिवार वालों का आरोप है कि दहेज के लिए उसकी हत्या की गई है। मां रुकमणि का कहना है कि जिस समय पूजा को जबलपुर लाया जा रहा था, उस दौरान अगर समय रहते अस्पताल ले जाते, तो उसकी जान बच जाती। मृतका पूजा साहू की मौत को लेकर उनके मायके पक्ष और साहू समाज ने ससुराल पक्ष पर हत्या के गंभीर आरोप लगाए हैं।




इस घटना से आक्रोशित साहू समाज के सैकड़ों लोग आज एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। रुकमणि का कहना है कि निखिल के परिवार वालों ने 10 लाख रुपए की मांग की गई थी, जिसके बाद 4 लाख रुपए भी दिए। उनका कहना है, कि ससुराल पक्ष लगातार पैसों की डिमांड कर रहा था, और मांग पूरी न होने पर पूजा के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। परिजनों का यह भी आरोप है कि पूजा ने अपनी मौत से ठीक पहले कुछ वीडियो मोबाइल फोन के माध्यम से उन्हें भेजे थे, जिनमें उसने अपनी व्यथा और ससुराल वालों के बर्ताव का जिक्र किया था। इन वीडियो को अब पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे मौत की गुत्थी सुलझ सके। पूजा की मौत से पूरे साहू समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आज बड़ी संख्या में समाज के लोग और मृतका के रिश्तेदार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह एक सुनियोजित हत्या है, जिसे बीमारी का रूप देने की कोशिश की जा रही है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया की मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# महिला पॉलीटेक्निक की छात्रा ने बढ़ाया जिले का गौरव

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** युवाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्रश शासन के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा गांधी नगर गुजरात में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की गई स्किल इंडिया रीजनल कॉम्पयटीशन (वेस्टेर्न रीजन) में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर की कम्यूं टर साइंस की छात्रा एश्वपर्या विश्विकर्मा ने मैडेलियन फॉर एक्सिलेंस अवॉर्ड प्राप्तग कर जबलपुर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। ऐश्वर्या विश्वकर्मा ने इस प्रतियोगिता में डेटाबेस कनेक्टिरविटि के साथ अलग-अलग वेब एप्ली केशन तैयार कर यह उपलब्धि हासिल की। एश्वमर्या के मुताबिक उसकी इस उपलब्धि की यात्रा जिला स्तरीय प्रतियोगिता से प्रारंभ हुई। जिला स्तर पर चयनित होने के पश्चात उसे भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान, निर्धारित समयावधि में उसे ह्स्मार्टसिटीह्वविषय पर एक एप्लीकेशन डिजाइन एवं विकसित करने का कार्य दिया गया। एश्वयर्या ने इस समय सीमा के भीतर एक वेब एप्लीकेशन तैयार की, जिसमें स्थानीय पर्यटन स्थलों, निकटवर्ती अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों तथा उनसे संपर्क करने की समस्त आवश्यक जानकारी को सुव्यवस्थित रूप से सम्मिलित किया गया। एश्वंर्या के अनुसार उसका उद्देश्य केवल एक तकनीकी प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना नहीं था, बल्कि ऐसा समाधान तैयार करना था जो वास्तविक जीवन में उपयोगी सिद्ध हो सके। उसके इस कार्य को सराहना मिली और स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी उपलब्धि के आधार पर एश्वसर्या को क्षेत्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। एश्व र्या के मुताबिक इंडिया स्किल्स की यह पूरी यात्रा उसके लिए केवल एक तकनीकी प्रतियोगिता नहीं थी।

# जबलपुर में कल गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता

### विजेता टीमों को मिलेंगे 21 हजार, 11 हजार और 5100 का नकद पुरस्कार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** देशी और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत द्वारा जिला स्तरीय गिल्ली डंडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता रविवार, 1 मार्च को सुबह 10:30 बजे से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के खेल परिसर में होगी। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं की



विजेता टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक जनपद पंचायत की टीम में दो आरक्षित खिलाड़ियों सहित कुल सात खिलाड़ी शामिल होंगे। खिलाड़ियों के अतिरिक्त, प्रत्येक जनपद पंचायत की टीम के साथ एक कोच और एक मैनेजर भी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21 हजार रुपए, 11 हजार रुपए और 5100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में शामिल होने वाली अन्य टीमों को 11 सौ रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।


म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)



म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717



V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।


# जिला अस्पताल से हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

### कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत रहे मौजूद

### 14 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को निःशुल्क लगाया जायेगा एचपीवी का टीका

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** महिलाओं में होने वाली सर्वाइकल कैन्सर की जानलेवा बीमारी से बचाव और सुरक्षा के उद्देश्य से जिले में 14 वर्ष



आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने के अभियान का जिला स्तर पर शुभारंभ आज शनिवार को जिला अस्पताल में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में एचपीवी का टीका लगवाने आईं सभी किशोरियों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के सभी नागरिकों से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी का टीका अनिवार्य रूप से लगवाने का आग्रह किया। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि एचपीवी की वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है तथा महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैन्सर से सुरक्षा प्रदान करेगा। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि सर्वाइकल कैन्सर से बचाव की दिशा में यह अभियान बडा कदम है। इस टीके की एक खुराक का बाजार मूल्य पांच हजार रुपये से अधिक है। महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को देखते 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका बिल्कुल निःशुल्क लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एचपीवी का टीका लगाने की शुरूआत जिले की 13 स्वास्थ्य संस्थाओं से की जा रही।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादक: अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 ( समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर ) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592